पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 22 ◆ रायपुर 20 मई 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### जो चुनौती में जीतता है, वही मोदी कहलाता है

# चुनौती को चुनौती देने का दूसरा नाम मोदी- पीएम

## हमने जल जीवन मिशन शुरू किया, लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाया



बाराबंकी/फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमीरपुर में चुनावी रैली की। उन्होंने कहा- सपा और कांग्रेस कहते थे कि ये तो बुंदेलखंड की किस्मत है, हम क्या करें। लेकिन, चुनौती को चुनौती देने का दूसरा नाम मोदी है। जो चुनौती में जीत जाता है, वही मोदी कहलाता है।

आपने इस सेवक मोदी पर भरोसा किया। मोदी ने पानी के संकट से लड़ने के लिए खुद को खपा दिया। हमने जल जीवन मिशन शुरू किया। लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाया। क्षेत्र में सैकड़ों पानी की टंकियां बनवा दीं। आज इस क्षेत्र के 400 गांवों तक पानी का कनेक्शन पहुंच गया है। मैं बुंदेलखंड में काम की रिपोर्ट लगातार लेता रहता हूं। जो समस्याएं बची हैं, उनकी रिपोर्ट लेता हूं। उन्होंने कहा- इन लोगों ने कर्नाटक में रातों-रात मुसलमानों को OBC बना दिया। वहां के पिछड़े आरक्षण से वंचित रह गए। अब यही मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। संविधान बदलकर एससी-एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं। इससे पहले, मोदी ने फतेहपुर और बाराबंकी में भी चुनावी रैली की। फतेहपुर में कहा- कांग्रेस ने इज्जत बचाने के लिए मिशन-50 रखा है। कांग्रेस-सपा दोनों की कुंडली मिलती है।

### मोदी बोले- जो चुनौती को जीत जाता, वही मोदी कहलाता

*मोदी ने कहा- सपा-कांग्रेस ने बुंदेलखंड का बुरा हाल बना रखा था। यह कहते थे कि ये तो बुंदेलखंड की किस्मत है, हम क्या करें। लेकिन, चुनौती को चुनौती देने का दूसरा नाम मोदी है। जो चुनौती में जीत जाता है वही मोदी कहलाता है। लेकिन आपने इस सेवक मोदी पर भरोसा किया। मोदी ने इस संकट से लड़ने के लिए खुद को खपा दिया। हमने जल जीवन मिशन शुरू किया। हमने लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाया। हमने इस क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में पानी की टंकियां बनवा दीं। आज इस क्षेत्र के 400 गांवों तक पानी का कनेक्शन पहुंच गया है। मैं बुंदेलखंड में काम की रिपोर्ट लगातार लेता रहता हूं। जो समस्याएं बची हैं, उनकी रिपोर्ट लेता हूं।*

## बिना सूचना 1 महीने तक गायब सरकारी-कर्मचारी होंगे बर्खास्त




रायपुर। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग ने सरकारी कर्मचारियों को लेकर आदेश जारी किया है। बिना किसी सूचना के महीनों अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को सीधे बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि ऐसे मामलों में पहले कर्मचारी को नोटिस दें उचित कारण नहीं मिलने पर सीधे बर्खास्तगी की कार्वाई की जाएगी।

### पहले भेजा जाएगा सूचना पत्र

विभाग की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि एक महीने से ज्यादा तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को उनके अवकाश काल के दौरान के पते और अंतिम ज्ञात पते दोनों पर ही इस सूचना-पत्र को भेजा जाए।

### 15 दिनों में सूचना पत्र का देना होगा जवाब

विभाग की ओर से कहा गया है कि सूचना पत्र भेजे जाने के 15 दिन के भीतर कर्मचारियों को कारण बताना होगा कि क्यों बिना बताए छुट्टी ली है। विभाग का कहना है कि क्यों न उनकी उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति को सेवा में व्यवधान मानते हुए, पेंशन, उपादान आदि समस्त उद्देश्यों के लिए उनकी सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाए ?

### डबल इंजन सरकार के फायदे समझ चुकी है ओडिशा की जनता, बनाएगी भाजपा सरकार

# ओडिशा में 25 वर्षों से जमी बीजेडी सरकार को उखाड़ फेंकना है - विष्णु देव साय





**रायपुर/संबलपुर।** जो पच्चीस वर्षों में लोगों की बोली, भाषा, खान-पान, रहन-सहन नहीं सीख पाया वो जनता की जरूरतों को कैसे समझेगा? ओडिशा में नवीन बाबू पच्चीस वर्षों तक जनता के बीच जाने से बचते रहे। उनकी जगह सरकार कोई और चलाता रहा। यही कारण है कि खनिज और वन सम्पदा से भरपूर, मेहनतकश किसान और उच्च सांस्कृतिक-धार्मिक संस्कृति से ओतप्रोत ओडिशा विकास की राह में पीछे रह गया। वक्त आ गया है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार यहाँ नेतृत्व करे और ओडिशा को उस मुकाम पर पहुंचाए, जिसका ओडिशा हकदार है। ओडिशा के संबलपुर लोकसभा के कुचिंदा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजेडी सरकार को आड़े हाथों लिया और डबल इंजन सरकार बनाने का आग्रह करते हुए भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ आम आदमी को न मिलने का आरोप लगाया और कहा बीजेडी सरकार ने केंद्र की योजना का नाम बदलकर बीजू स्वास्थ्य योजना कर दिया। लेकिन राज्य के प्राइवेट हॉस्पिटल में इसका लाभ गरीबों को नहीं मिलता है। यह दुर्भाग्यजनक है। ओडिशा में पीएम आवास योजना को ठीक से लागू नहीं करने का आरोप भी उन्होंने बीजेडी सरकार पर लगाया।

### ओडिशा में भी शत-प्रतिशत पूरी होगी मोदी की गारंटी

सीएम साय ने कहा कि ओडिशा में भाजपा ने जो घोषणा पत्र बनाया है उसमें प्रदेशवासियों के हित के लिए बहुत कुछ है। भाजपा सरकार बनने पर यहाँ किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलेगी, हमारी माताओं को पचास हजार रुपए का वाउचर मिलेगा। बुजुर्ग, दिव्यांग और बुनकरों को तीन हजार रूपया भत्ता मिलेगा। छोटा-मोटा काम करके अपना जीवन-यापन करने वाले लोगों को हमारी सरकार पचास रुपए का लोन देगी।

### डबल इंजन सरकार मतलब तरक्की अपार

श्री साय ने ओडिशा की जनता को डबल इंजन सरकार के फायदे गिनाएं और कहा कि मात्र 4 महीने में उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी, 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी और अंतर की राशि 13,320 करोड़ रुपए 24.72 लाख किसानों को देने का काम किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने के पहले सप्ताह में 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि देने की बात भी कही। 5550 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदी की बात को बताया।

# भाटापारा क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह कमजोर रहा मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में लोगों का उत्साह कमजोर रहा फल स्वरुप उम्मीद से कम मतदान क्षेत्र में हुआ जैसा की अनुमान लगाया जा रहा था कि लोग बड़े पैमाने पर उत्साह से मतदान करने निकलेंगे वह लंबी.लंबी कतारे मतदान केंद्र के बाहर लगेगी वैसा माहौल मंगलवार को नहीं देखने को मिला लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 7 में को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के तमाम मतदान केदो में मतदाताओं ने अपने.अपने घर से निकलकर मतदान किया भाजपा कांग्रेस सहित अन्य सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शाम 6बजे तक मतदाताओं ने म्टड मशीन में कैद कर दिया।




समूचे भाटापारा क्षेत्र में दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दल के कार्यकर्ता मतदान केंद्र के बाहर पंडाल लगाए बैठे रहे जहां से मतदाताओं को अंतिम पर्ची देकर अपने.अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने का अंतिम बार निवेदन भी भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ता करते रहे धूप व बदल के बीच मतदाता वोट डालने पहुंचते रहे लेकिन इस बार लंबी लाइन नहीं लगी प्राय सभी मतदान केदो में पूर्व की तुलना में लोग लंबी लाइन में खड़े नहीं दिखे धूप के तेवर को देखते हुए प्रात: जरूर बड़ी तादाद में महिला पुरुष वह कामकाजी लोग मतदान केंद्र पहुंचे जहां अल्प समय के लिए कतार लगी लेकिन ज्यो ज्यो समय बीतता गया कतार लगने का सिलसिला खत्म होते गया शहर में गुरु नानक वार्ड के मतदान केंद्र में अन्य मतदान केंद्र की तुलना में भीड़ ज्यादा रही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा क्षेत्र के कल 282 मतदान केंद्र में प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक चुस्त दुरुस्त प्रशासनिक व्यवस्था के बीच मतदान का कर्मचारी रहा मतदान के दौरान एक और जहां वरिष्ठ अधिकारी निरंतर स्थिति का जायजा लेने पहुंचते रहे वही भाजपा नेता शिवरतन शर्मा व कांग्रेस विधायक इंद्र साव भी स्थिति पर नजर बनाए रखते हुए मतदान केंद्रों के बाहर दौरा कर व्यवस्था व माहौल का हाल.चाल जानने घूमते रहे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने अपने पत्नी सीमा शर्मा व पुत्र के साथ नगर भवन मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीं कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने शिवलाल मेहता स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र पहुंचकर अपने वोट का प्रयोग किया इसी तरह अन्य नेताओं व आम नागरिक महिला पुरुष युवा व दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाता एवं थर्ड जेंडर के मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में लगभग 66: मतदान होने के संकेत मिले हैं अंतिम मतदान प्रतिशत की जानकारी देर रात मिलने की संभावना है

## संक्षिप्त समाचार

# मौसम का मिजाज बदला भाटापारा में हल्की बारिश



**भाटापारा।** शहर में मंगलवार शाम को तेज आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण बारिश शुरू होने के बीच विद्युत व्यवस्था ठप हो गई जिससे लोगों परेशानी से जूझना पड़ा खासकर मतदान केदो में मत पेटीयां को एकत्र करने वी मतदान समाप्ति की अंतिम प्रक्रिया को पूर्ण करने के समय विद्युत प्रवाह ठप रहने से परेशानी का सामना करना पड़ा अचानक हवा तूफान गरज चमक के बीच वर्षा शुरू होने से लोगों के बीच आपाधापी का माहौल बना रहा वह लोग पानी से बचने इधर.उधर भागने लगे वही विद्युत प्राय एक लंबे समय तक ठप रहने से लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई तेज आंधी तूफान के बीच हल्की बारिश से थोड़ी राहत जरूर आम इंसानों को मिली है लेकिन मच्छर के कारण लोग परेशान होते रहे विद्युत प्राय ठप होने की वजह से समाचार परेशान व अन्य कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हुई समाचार लिखे जाने तक शहर में बारिश का क्रम जारी था वही बिजली गुल थी।

# साक्षी वर्मा व चांदनी साहू ने उच्च अंको के साथ परीक्षा उतीर्ण की



**भाटापारा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरूवार को घोषित किये गये परीक्षा परिणाम मे 10 बोर्ड की परीक्षा मे 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके निकटवर्ती गांव परसवानी अकोली की छात्रा साक्षी वर्मा ने अपने परिवार गांव स्कूल व समाज का नाम रौशन किया है। साक्षी वर्मा के पिता ग्राम दतरेंगी मे सुरेश वर्मा मेडिकल संचालक है उन्होने अपनी पुत्री की सफलता पर हर्ष प्रकट करते हुये छात्रा की सफलता के लिये मयूर स्कूल परिवार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को श्रेय दिया है। इसी तरह 12 वीं बोर्ड की परीक्षा मे शासकीय पंचम दीवान कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम की छात्रा चांदनी साहू ने बायो साईंस ग्रुप मे 71 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा उर्तीण कर स्कूल व परिवार का नाम रौशन किया है

# मध्य प्रदेश में गेहूं की बंपर उत्पादन के चलते शहर का बारदाना व्यापार गरम

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो जूट बारदाना की भारी मांग होने से बारदाना दुकानो मे रौनक बढ गई है। मध्य प्रदेश मे गेहूं की बंपर फसल उत्पादन होने के कारण वहां पर भाटापारा के बारदाना की ज्यादातर मांग होने से लगभग दो दर्जन से अधिक बारदाना दुकानो मे जूट निर्मित बारदानो की अच्छी मांग निकल पडी है। भाटापारा शहर के ज्यादातर बारदाना व्यापारियों के बारदाना मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र तथा सिहोर होशंगाबाद, नरसिंगपुर, भोपाल, हरदा एवं अशोक नगर मे खपत हो रहे है मध्य प्रदेश मे संपूर्ण देश का विशिष्ट चमक व वजन के साथ साथ स्वादिष्ट किस्म का गेहूं इस बार बंपर रूप से उत्पादित हुआ है फलस्वरूप वहां बारदाना की किल्लत के बीच भाटापारा के बारदाना की मांग जबरदस्त रूप से चल रहीं है मांग की तुलना मे भाटापारा से बारदाना की सप्लाई कमजोर है जबकि बंपर फसल के हिसाब से जूट बारदाना की भारी मांग व अच्छा रेट मिलने से बारदाना व्यापारी प्रसन्नचित है। शहर मे जूट बारदाने के साथ साथ प्लास्टिक बोरी की भी मांग निकल पडी है क्योकि कृषि उपज मंडी भाटापारा मे रबी की



नई धान फसल की आवक जबरदस्त रूप से हो रहीं है। चुनाव के पूर्व पिछले दो दिनो मे नगर के सभी मार्ग अवरूद्ध हो गये थे जिसका कारण चारो दिशाओं से भाटापारा मंडी मे लगभग 70 हजार से अधिक धान बोरे सैकड़ो वाहन मे पहुंच गये थे जिसके चलते मंडी प्रांगण छोटा पड रहा था फलस्वरूप सुबह से देर रात तक धान लदी ट्रक मेटाडोर छोटा हाथीए डीआईए पिकअप वाहन सड़को पर हीं खडे रहे जिसके चलते एक ओर जहां धान बेचने आये लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं शहर की सड़को पर यातायात जाम होने से शहर वासी भी हलाकान होते रहे इस तरह भाटापारा मंडी मे धान की भरपूर आवक तथा मध्य प्रदेश मे गेहूं की बंपर उत्पादन होने के बाद भाटापारा का बारदाना व्यवसाय काफी फल फूल रहा है व तमाम बारदाना व्यापारी अच्छी मांग के चलते उत्साहित है।

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा



**लो**कसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेज़ी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फ़ासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्टाओं का पर्दाफाश पहले ही हो गया है। 'आप' ने अपने कामकाज के तरीक़े में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है।

*कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्ति पूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी।*

**- ललित गर्ग - साभार प्रभासाक्षी**

# क्या राधिका खेड़ा मामले की बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी नहीं पड़ेगी ?

***छह दिनों तक अपमान और अपने साथ हुई बदसलूकी के मामले में न्याय नहीं मिलने से मर्माहत कांग्रेस और राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से त्यागपत्र देने के दो दिन बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुकीं सुश्री राधिका खेड़ा ने जो खुलासे भाजपा प्रवेश से एक दिन पूर्व सोमवार को दिल्ली में आहूत अपनी पत्रकार वार्ता में किए हैं, उसके बाद यह कहने में कतई ऐतराज नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस कार्यालय महिलाओं के लिए किसी भी रूप में सुरक्षित जगह नहीं रह गया है।***

सुश्री खेड़ा द्वारा किए गए खुलासों के बाद तो कांग्रेस के लोगों को शर्म से गड़ जाना चाहिए और अपने मुँह से नारी सुरक्षा, सम्मान और न्याय की बातें बिल्कुल नहीं करनी चाहिए।

कांग्रेस में महिलाओं के हर तरह के शोषण का यह इतिहास बहुत पुराना है और सुश्री राधिका खेड़ा ने कांग्रेस की इस निकृष्ट मानसिकता के खिलाफ जो आवाज बुलंद की है, उसकी गूंज से कांग्रेस का समूचा राजनीतिक वजूद भरभरा जाने के आसार बढ़ गए हैं। कांग्रेस में महिलाओं के अपमान की यह कोई पहली घटना नहीं हैं। कांग्रेस का तो इतिहास ऐसी शर्मनाक हरकतों की गवाही दे रहा है। फिल्म जगत से कांग्रेस में आई नगमा के साथ कांग्रेस दफ़्तर में ही हुए अपमानजनक व्यवहार को छत्तीसगढ़ भूला नहीं है। रायपुर में लगभग सालभर पहले हुए कांग्रेस के जिस राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रियंका वाड्रा ने गुलाब की पंखुड़ियों के लगभग दो किलोमीटर लंबे कालीन पर कदमताल की थी, उसी अधिवेशन के दौरान कांग्रेस के कैम्प कार्यालय (होटल) में कांग्रेस की उसी दलित महिला नेत्री अर्चना गौतम के साथ प्रियंका वाड्रा के ही निज सचिव ने अशिष्टता की सारी हदें पार कर दी थी, जो प्रियंका वाड्रा के जुमले लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ की पोस्टर गर्ल थीं। नैना साहनी को तंदूर में भून डालने, भँवरीदेवी कांड रचने और अपनी ही एक वरिष्ठ महिला नेत्री को भरी सभा में सौ टका टंच माल बताने की राजनीतिक संस्कृति की पोषक कांग्रेस में अपने प्रति ऐसे ही अशिष्ट आचरण से क्षुब्ध होकर ही प्रियंका चतुर्वेदी ने कांग्रेस को बाय-बाय किया था और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए सुष्मिता देव ने कांग्रेस को छोड़ा था। राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जाँच करने का दिखावा कर मामले की लीपापोती करने में लगी थी, यह सुश्री खेड़ा के त्यागपत्र से स्पष्ट प्रतीत हो रहा है। कांग्रेस के डीएनए में ही राम-द्रोह और महिलाओं का तिरस्कार रचा-बसा है। अयोध्या जाकर प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने पर जो दुर्व्यवहार सुश्री खेड़ा के साथ कांग्रेस में किया गया, क्या उसकी बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी नहीं पड़ेगी? प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करके टारगेट बनने वालीं सुश्री खेड़ा कांग्रेस में पहली नेता नहीं हैं। जिस-जिसने भी प्रभु श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा के न्योते को ठुकराने के कांग्रेस आलाकमान के फैसले से असहमति दर्ज की थी, जिस-जिसने भी अपनी आस्था के वशीभूत होकर अयोध्या जाकर भगवान रामलला के दर्शन किए, उन सबको या तो कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया या फिर उन्हें कांग्रेस छोड़ने के लिए विवश कर दिया गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम के निष्कासन से लेकर सुश्री खेड़ा के इस्तीफे तक का यह दौर कांग्रेस के उस दावे की बखिया उधेड़ रहा है जिसमें कांग्रेस के लोकतंत्र में विश्वास और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की डींगें हाँकते कांग्रेसी देशभर में अपना रामद्रोही व महिला-विरोधी राजनीतिक चरित्र लिए फिर रहे हैं। सुश्री खेड़ा के साथ जिस कांग्रेस में बदसलूकी हुए 6 दिन बीतने के बाद भी जब न्याय नहीं मिल सका और उनका आत्म-सम्मान सुरक्षित नहीं रहा तो उस कांग्रेस से देश की महिलाओं के सम्मान की रक्षा और उनके साथ न्याय की क्या उम्मीद रखी जाए?

अगर कांग्रेस महिला न्याय के ढोल पीट रही है, तब सवाल यह भी उठता है कि सुश्री खेड़ा को न्याय के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों पड़ा? जबकि, इस घटना के ठीक दूसरे दिन कांग्रेस के नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन खेड़ा तो रायपुर में थे। छत्तीसगढ़ आकर दिल्ली लौटने के बाद पवन खेड़ा को इस मामले की सुध लेना याद आया! अगर वह चाहते कि सचमुच राधिका खेड़ा को न्याय मिले तो वहीं आमने-सामने सारी बात सुनकर मामले का पटाक्षेप कर देते और सुश्री खेड़ा को न्याय दिलवा देते। इसी बीच कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा छत्तीसगढ़ आकर दो सभाएँ लेकर लौट गईं पर इस मामले में उनके मुँह से दो बोल तक नहीं फूटे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो इस मुद्दे पर सवालों से बचने के लिए यहाँ आयोजित अपनी पत्रकार वार्ता ही रद्द करके दिल्ली लौट गए। इसके बाद अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता का आत्म-सम्मान महफूज रखकर उन्हें न्याय के लिए 6 दिन का इंतजार कराया गया। सवाल यह है कि राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जाँच करने का दिखावा कर मामले की लीपापोती क्यों कर रही थी? क्या नेतृत्व इस ऊहापोह में था कि अगर राधिका खेड़ा को न्याय दिलाने पर उसे अर्चना गौतम को भी न्याय दिलाना पड़ता? हैरत की बात तो यह है कि जिस कांग्रेस के एकमात्र मालिक गांधी परिवार के तीन में से दो मुखिया महिलाएँ हैं, उस कांग्रेस में महिलाओं की यह स्थिति है।

इस मामले में पीड़ित पक्ष कोई साधारण महिला नहीं है, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता थीं और वह खुलेआम कह रही थीं, सोशल मीडिया पर लिख रही थीं कि उनसे दुर्व्यवहार हुआ। सुश्री खेड़ा ने यह भी कहा था-दुशील को लेकर ककाका मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आखिर क्यों अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के अपमान की कीमत पर किसी के प्रति मोहग्रस्त नजर आए? क्या भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में एक महिला को ए लड़की कहकर अपमानित की तर्ज पर ही अब सुश्री खेड़ा को भी उसी भाषा में नसीहत देने की फिराक में थे कि ए लड़की, ज्यादा राजनीति मत कर। सवाल तो और भी हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के रवैए और राष्ट्रीय नेतृत्व की ढिलाई ने अंततः सुश्री खेड़ा को कांग्रेस से अपना 22 साल पुराना नाता तोड़ने के लिए विवश किया, क्या इस बात के लिए कांग्रेस के नेता कभी खुद को माफ कर पाएंगे? कांग्रेस में न्याय मांगने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के पास सुरक्षा के लिहाज से अपनी माँ को साथ लेकर जाना पड़े, क्या कांग्रेस नेताओं को इस बात पर कभी शर्म महसूस होगी? विशाखा एक्ट तक यह कहता है कि कार्यस्थल पर हुई ऐसी हरकतों की शिकायत पर संस्था प्रमुख को तुरंत ध्यान देते हुए एक जाँच कमेटी बनानी चाहिए और उस कमेटी में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य रूप से हो। ऐसा नहीं होने पर संस्था प्रमुख भी दोषी माने जाएंगे। सुश्री खेड़ा के मामले में कांग्रेस नेतृत्व की ओर से चूँकि ऐसा कुछ नहीं किया गया है, इसलिए कांग्रेस प्रमुख भी इस पूरे मामले में क्या बराबर के दोषी नहीं माने जाएंगे?

**अनिल पुरोहित**
**पत्रकार**

# चुनाव संपन्न होने के बाद सड़क मार्ग के यात्री व मंडी से जुड़े रेजा हमाल ने राहत की सांस ली, विगत कई दिनों से लोग थे परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण मे मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद क्षेत्रिय नागरिकों ने अब राहत की सांस ली है क्योकि चुनाव के चलते पिछले दो दिनो से सड़क मार्ग पर यात्री बसें नहीं चलने से लोग हलाकान थे एक ओर जहां रेल प्रशासन द्वारा अनेक ट्रेनो को रदद कर दिये जाने तथा कई ट्रेनो के अनिश्चित कालीन विलंब से चलने के कारण लोग हलाकान थे।



वहीं सड़क मार्ग पर बस परिवहन नहीं होने से नागरिकों की परेशानी और अधिक बढ गई थी खासकर भाटापारा से बिलासपुर भाटापारा से मुंगेली, भाटापारा से बेमेतराए भाटापारा से पथरियाए भाटापारा से बलौदाबाजार, भाटापारा से नवागढए भाटापारा से सुहेला व भाटापारा से करहीबाजार तथा अन्य मार्ग पर चलने वाली तमाम बसों का अधिग्रहण चुनावी कार्य मे हो जाने की वजह से सड़क मार्ग के यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा अनेक यात्री तो मजबूरी मे माल परिवहन करने वाले वाहनों डीआई, पिकअप, छोटा हाथी एवं मेटाडोर तथा ट्रक एवं डंपर सहित अन्य वाहनों मे मजबूरीवश यात्रा करने विवश हुये सबसे ज्यादा परेशानी उन महिलाओं को हुई जो आवश्यक कार्य से भाटापारा अन्य स्थानो की ओर माल वाहक वाहनो मे बैठकर आना जाना करते रहे अनेक यात्री तो ट्रेक्टर ट्राली मे भी यात्रा करने विवश हुये वहीं चुनाव के कारण दैनिक रोजी रोजगार के जरिये अपना जीविकोर्पाजन करने वाले रेजाए हमाल कुलीए गाडीवानए तौलईया जो कि भाटापारा कृषि उपज मंडी से संबंद्ध थे उन्हे लगातार कृषि उपज मंडी बंद रहने के कारण मुसीबतों से दो चार होना पड़ा।

कृषि उपज मंडी के बंद होने से आस पास के होटल पान दुकान ढाबा व अन्य रोजगार करने वाले लोगों को भी मुसीबत से जूझना पडा यह विदित रहे कि कृषि उपज मंडी मे नयागंज वार्ड व नेहरू वार्ड के मतदाताओं के लिये मतदान केन्द्र बनाये जाने के कारण कृषि उपज मंडी परिसर का संपूर्ण कारोबार लगभग चार पांच दिन से बंद रहा जिसके चलते असंख्य लोग परेशान रहे जिसमे ज्यादातर मजदूर वर्ग के लोग थे उन्हे आर्थिक संकट से जूझना पड़ा इधर चुनाव संपन्न होने के बाद बुधवार को कृषि उपज मंडी प्रारंभ होने तथा विभिन्न सड़क मार्ग पर यात्री बसों के दौड़ने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

# भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 69.53 प्रतिशत मतदान

## उम्रदराज 90 वर्ष की सहेतरीन बाई ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के चुनाव मे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सभी 282 मतदान केन्द्रों मे शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे जिला निर्वाचन अधिकारी केएल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने विभिन्न केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेते हुये शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर संतोष प्रकट किया है वहीं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे अंतिम जानकारी मिलने तक 65.09 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमे महिला पुरूष युवा दिव्यांग बुर्जुग एवं थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया इस दौरान अनेक स्थानो पर संगवारी मतदान केन्द्र आदर्श मतदान केन्द्र सहित अन्य प्रकार के व्यवस्था के साथ मतदान केन्द्र बनाये गये थे जहां बारी बारी से मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भाटापारा क्षेत्र के संपन्न मतदान मे क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 236 करहीबाजार क्षेत्र के उम्रदराज महिला मतदाता श्रीमती सहेतरीन बाई पटेल उम्र 90 वर्ष ने ट्रायसिकल मे पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया इस दौरान उनके सहयोग के लिये मतदाता मित्र उपस्थित थे। रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे निर्वाचन आयोग द्वारा कुल 282 मतदान केन्द्र बनाये गये थे जिसमे 128737 पुरूष एवं 130372 महिला मतदाताए 12 थर्ड जेंडर मतदाता सहित कुल 259121 मतदाता क्षेत्र मे शामिल है जिसमे से 90444 पुरूष मतदाताओं एवं 89719 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीं थर्ड जेंडर के 7 मतदाताओं ने मत प्रयोग किया इस तरह भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे कुल 180170 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमे फ्लस्वरूप क्षेत्र मे 69.53 प्रतिशत मतदान संपन्न हो पाया।

# अक्षय तृतीया पर जमकर हुई खरीदारी और विवाह भी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अक्षय तृतीया के अवसर पर भाटापारा शहर का बाजार पूरी तरह ग्राहकी से गुलजार रहा सराफा कपड़ा बर्तन मनिहारी इंटरप्राइजेज सहित अन्य दुकानों में भारी ग्रह की का सैलाब उमर पाड़ा फ्ल स्वरुप दुकानदार पूरी तरह व्यस्त रहे वही नगर में ज्योतिषियों की सलाह वी गणना के अनुसार शादी विवाह के मुहूर्त नहीं होने के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने शादी विवाह के अनेक रस्म रिवाज का पालन करते हुए बड़ी तादाद में शादी विवाह के समारोह को अंजाम दिया अक्ति पर्व को छत्तीसगढ़ अबूझ मुहूर्त माना जाता है इस लिहाज से शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर शादी विवाह के कार्यक्रम लगातार होते रहे आज के दिन को लोगों ने बाजे गाजे के साथ बाराती वह विदाई का कार्यक्रम संपन्न किया वहीं शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी तादाद में पुत्री पुत्र का विवाह आयोजन छोटे.छोटे बच्चों वह आवश्यक युवतियों द्वारा आयोजित किया गया जिसमें चल माटी तेल माया हल्दी की रस्म अदा की गई वह परंपरा अनुसार विवाह के सारे विधि विधान का पालन कर गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाया गया अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शुक्रवार 10 में को भगवान के छठवें अवतार परशुराम के जन्म उत्सव पर शहर में जगह.जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए वह शाम को भावेश शोभा यात्रा निकाली गई लोगों ने प्रातः से ही पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ नदी स्नान कर दान कर्मकार किया जिसके फ्ल स्वरुप तमाम मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही ज्यादातर लोगों ने सुराही सत्तू गाना जल अनाज दही फ्ल हाथ से बने पंखे आदि का दान मंदिर में किया वहीं बड़ी संख्या में परशुराम प्राकृतिक दिवस पर ब्राह्मण समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुये प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा राधेश्याम शर्मा फ्गा सुनील दुबे अश्वनी शर्मा प्रेम चौबे मनीष शुक्ला विक्की मिश्रा मुक्तानंद शर्मा शामिल हुये।

# छत्तीसगढ़ के जागेश्वर यादव हुए पद्मश्री से सम्मानित

सीएम विष्णुदेव ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले 'बिरहोर के भाई' के नाम से प्रसिद्ध जागेश्वर यादव को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया।**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध जागेश्वर यादव को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके जीवन को प्रेरणादायक बताया।



अपने सोशल मीडिया हैंडल – में बधाई संदेश में उन्होंने लिखा है कि – छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले बिरहोर के भाई श्री जागेश्वर यादव जी को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्हें बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आदिवासी उत्थान के लिए प्रतिबद्ध आपका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायक और अनुकरणीय है गौरतलब है कि जागेश्वर यादव का नाम 2024 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित हुआ था। जशपुर जिले के बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने पर उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जागेश्वर यादव ने आदिवासियों को साक्षर करने और शिशु मृत्यु दर कम करने जैसे बड़े कार्य किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### धुर्राबांधा की छात्रा पूजा वर्मा ने 10 वीं बोर्ड मे उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये



**भाटापारा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 78 प्रतिशत प्राप्त करके निकटवर्ती ग्राम धुर्राबांधा की छात्रा कुए पूजा वर्मा पिता लेखराम वर्मा आपने परिवार गांव और स्कूल एवं समाज की नाम रोशन किया है पूजा वर्मा के पिता लेखराम वर्मा किसान वर्ग से उन्होंने अपनी पुत्री की सफ्लता पर हर्ष प्रकट करते हुए छात्रा सफ्लता के लिए शासकीय हाई स्कूल कोसमंदा शिक्षक शिक्षिकाओ को श्रेय दिया है पूजा की सफ्लता पर गांव के सरपंच हेमंत कुमार वर्मा समस्त ग्राम वासियों शिक्षक शिक्षिकाओ एवं प्राचार्य और छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज समस्त पदाधिकारी गण बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भाटापारा कालेज में व्याख्यान संपन्न




**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र.छात्राओं के लिये अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे अर्चना सेठी रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्राध्यापिका ने व्याख्यान दिया। उपरोक्त अवसर पर प्रभारी प्राचार्य पूर्णिमा साहू, शशिकिरण कुजूर, पिकेन्द्र बंजारे, इंन्द्राणी मरकाम, अनिता सरीन, प्रीति सोनी, घृतंभरा चौहान हेमलता, हेमिन, मीनाक्षी शर्मा, राघव, अनिल, सुशील, रितेश, विजय, प्रिया, पिंकी, उमाए मनीष व अन्य लोग उपस्थित थे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र.छात्राओं ने अर्थशास्त्र विभाग ने पांच पुस्तकें भेट स्वरूप प्रदान किया।

## जबलपुर दुर्ग समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन रद्द होने से यात्री नाराज



**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के बिलासपुर रेल्वे जोन से रेल्वे को भारी भरकम आय प्राप्त हो रहा है उसके बावजूद रेल प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ की शांतिप्रिय जनता के साथ क्रूर मजाक लगातार किया जा रहा है। आये दिन किसी न किसी यात्री ट्रेन को रदद कर रेल यात्रियों को परेशान किया जा रहा है। इसी कडी मे रेल प्रशासन द्वारा हाल हीं मे जबलपुर दुर्ग के बीच प्रारंभ की गई समर स्पेशल ट्रेन को रदद कर दिया गया है जिससे रेल यात्रियों मे आक्रोश व्याप्त है।

# पुणे - छत्रपति शिवाजी टर्मिनल व बालेश्वर के लिये स्पेशल ट्रेन

भाटापारा रेल्वे स्टेशन से यात्री आ जा सकेंगे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** गर्मी मे रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुये रेल प्रशासन ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनल व बालेश्वर तथा पुणे के बीच एक फेरे के लिये समर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसके तहत ट्रेन क्रमांक 01451 पुणेए बालेश्वर समर स्पेशल ट्रेन आगामी 18 मई शनिवार को पुणे से रवाना होगी वहीं विपरित दिशा मे ट्रेन क्रमांक 01452 बालेश्वर पुणे समर स्पेशल ट्रेन 20 मई दिन सोमवार को बालेश्वर से रवाना होगी इसी तरह



ट्रेन क्रमांक 01055 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल दृ बालेश्वर समर स्पेशन ट्रेन 18 मई शनिवार को ही शिवाजी टर्मिनल से रवाना होगी विपरित दिशा मे ट्रेन संख्या 01056 बालेश्वर से छत्रपति शिवाजी टर्मिनल समर स्पेशल ट्रेन 20 मई सोमवार को रवाना होगी। उपरोक्त समर स्पेशल ट्रेन का भाटापारा स्टेशन मे रेल प्रशासन ने स्टापेज स्वीकृत किया है जिससे लोगों को राहत मिलेगी। ट्रेन क्रमांक 01451 पुणे बालेश्वर समर स्पेशल ट्रेन 18 मई को 11रू30 बजे पुणे से रवाना होकर 19 मई रविवार को सुबह 8रू35 बजे भाटापारा पहुंचेगी भाटापारा से उक्त ट्रेन रवाना होने के बाद बिलासपुर, झारसुगुडा, टाटा नगर खडगपुर के रास्ते चलते हुये रात साढे नौ बजे बालेश्वर पहुंचेगी वापसी मे ट्रेन संख्या 01452 बालेश्वर से सोमवार 20 मई को प्रातरू नौ बजे रवाना होगी और उसी रात आठ बजकर पचास मिनट पर भाटापारा पहुंचेगी और अगले दिन रात साढे सात बजे पुणे पहुंचेगी इसी तरह 01055 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शनिवार 18 मई को 11 बजकर पांच मिनट पर ट्रेन रवाना होगी और रविवार सुबह सात बजे भाटापारा पहुंचेगी उक्त ट्रेन बिलासपुरए चांपाए सक्तिए रायगढ, झारसुगुडा व खडगपुर रूकते हुये रात सवा सात बजे बालेश्वर पहुंचेगी वापसी मे उक्त ट्रेन 20 मई को साढे नौ बजे सुबह बालेश्वर से छूटकर उसी रात को आठ बजकर बीस मिनट पर भाटापारा पहुंचेगी तथा यहां से रवाना होकर दूसरे दिन रात दस बजकर पचास मिनट पर छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पहुचेगी। उक्त ट्रेन के प्रारंभ हो जाने से भीषण गर्मी मे ट्रेनो मे चल रहीं भारी भीड से नागरिकों को राहत मिलेगी।

# सरयूपारीण ब्राम्हण समाज ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम एवं सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर पाठ शिव प्रसाद तिवारी एवं साथियों द्वारा किया गया कार्यक्रम में स्वागत समाज के संरक्षक नरेंद्र शर्मा कन्हैया धर दीवान अध्यक्ष सुनील दुबे भूपेशधर दीवान मनीष शुक्ला एनपी मिश्रा मनोज पांडे मनीष शुक्ला राजू दुबे धनेश तिवारी राजेंद्र दुबे द्वारा किया गया एवं चंदन तिलक मधुकांत चौबे अशोक शर्मा हरिहर शर्मा संतोष शर्मा हितेश शर्मा भूपेंद्र शर्मा द्वारा किया गया पूजन कार्य सहभागिता अनिल पांडे राज दीपक पांडे संजय तिवारी कृष्ण कुमार शर्मा दीनबंधु तिवारी द्वारा किया गया प्रसादी व्यवस्था में देवेंद्र शर्मा आनंद शर्मा दिनेश शर्मा सुनील तिवारी सुनील शर्मा प्रशांत घर दीवान आदित्य दुबे अनिरुद्ध दुबे द्वारा किया गया बैठक व्यवस्था में प्रकाश शर्मा संतोष पांडे ने सक्रिय भूमिका निभाई उक्त अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निशा शर्मा उषा मिश्रा ज्योति पांडे उपासना शर्मा आरती पांडे रश्मि तिवारी दिव्या शर्मा प्रभा शर्मा रितु तिवारी गायत्री तिवारी सरिता शर्मा मीनाक्षी शर्मा प्रियंका तिवारी उमा शर्मा राशि तिवारी वेदिका शर्मा सावित्री तिवारी रिया शर्मा ममता दीवान सुनीला पांडे उमा शर्मा सिद्धि तिवारी शकुन चतुर्वेदी सीमा शर्मा श्रुति तिवारी निशा आनंद शर्मा सुमन तिवारी भावना शुक्ला पुजा दीवान पुनम पांडेय सृष्टि पांडे अदिती दुबे सहित भारी संख्या में समाज के लोगों ने सुंदरकांड पाठ किया अध्यक्ष सुनील दुबे द्वारा सभी सदस्यों को सफ्ल कार्यक्रम हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं सहित धन्यवाद ज्ञापित किया।

भाटापारा मंडी मे महिला श्रमिको की चल रहीं हड़ताल

# एसडीएम ने खत्म कराने में अहम भूमिका निभाई बढ़ाया गया महिला श्रमिकों का पारिश्रमिक

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** रबी फ्सल के धान की भारी आवक के बीच प्रदेश की सबसे पुरानी व सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे पिछले तीन दिनो से जारी महिला श्रमिको की हड़ताल को तुडवाने के लिये बुधवार को एसडीएम नितीन तिवारी ने मंडी सभागार मे आपात बैठक लेकर जारी हड़ताल को विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समाधान निकाला जिसके फ्लस्वरूप कृषि उपज मंडी मे सामान्य रूप से काम काज फ्रि से शुरू हो गया। महिला श्रमिक जो कि मंडी प्रांगण मे पाला व भराई का कार्य करते है और जिनकी तादाद लगभग दो सौ है वे अपनी पारिश्रमिक बढाने की मांग को लेकर पिछले तीन दिनो से हड़ताल पर चले गये थे फ्लस्वरूप मंडी प्रांगण मे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा था व समूचा मंडी प्रांगण धान के बोरो से लबालब भर गया था वहीं मंडी क्षेत्र की चारो तरफ की सड़को पर धान से लदे सैकडो वाहन के पहिये थम गये थे जिसके चलते यातायात भी ठप्प हो गया था वहीं कुछ अभिकर्ता व व्यापारी अपने स्तर पर मजदूर की व्यवस्था कर कारोबार चलाने का प्रयास कर रहे थे वहां पर भी हड़ताली रेजाओं ने पहुंचकर विवाद करने का प्रयास किया पिछले दो दिनो मे तहसीलदार चन्द्रवंशी व सचिव शत्रुघनलाल वर्मा ने बैठक कर समाधान निकालने का प्रयास किया था लेकिन महिला श्रमिक अपनी मांग पर अडे रहे व बात नहीं बनी तीसरे दिन प्रशासन की ओर से एसडीएम ने पुनरू बैठक कर सभी पक्षों को बुलाकर आम राय से कृषि उपज मंडी मे कार्यरत महिला श्रमिक के पारिश्रमिक मे वृद्धि कर हड़ताल को खत्म कराने मे अहम भूमिका अदा की है जिसके बाद अब पूर्व की तरह पूरी रफ्तार से कृषि उपज मंडी मे कारोबार प्रारंभ हो गया है। रबी फ्सल मे धान की बंपर आवक के कारण मंडी प्रांगण व मंडी प्रांगण के बाहर वाहनो मे लगभग एक लाख बोरा धान जाम हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# ब्रम्हकुमारी में दिव्य मुस्कान समर कैंप का हुआ समापन



**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी में दिव्य मुस्कान समर कैंप का समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी के उपस्थिति मे सप्ताह भर चले समर कैम्प प्रतिभागी छात्र छात्राओं के उत्साह वर्धन कर सम्मानित किया गया। संस्थान की संचालिका मंजू बहेन एसडीएम नितिन तिवारी प्रेस क्लब सचिव श्याम पुरोहित के द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की गति को आगे बढाया गया वही संस्थान की संचलिका मंजू दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के महत्व को समझाते हुए बच्चों को आशीर्वचन देते हुये कहा की संस्था का मूल उद्देश्य मूल्य निष्ठ समाज की स्थापना करना है। साथ ही एसडीएम नितिन तिवारी द्वारा उपस्थिति छात्र छात्राओं व पालकों के समक्ष अपने जीवन के अनुभव को बच्चों से साथ साझा किया गया एसण्डी एम नीतिन तिवारी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से मेडिटेशन को वर्तमान समय अति आवश्यक बताया। इस दौरान पुरस्कार भी दिया गया जिसमें बलून डांस में वेद प्रकाश साहू,भूषण साव, सृष्टि साहू, गरिमा साहू, सृष्टि गुप्ता, गीतिका मांझी, ड्राइंग प्रतियोगिता सीनियर में नीलम साहू, महक जैन, आदित्य वैष्णव ड्राइंग प्रतियोगिता जूनियर में प्रियांशी तनवानी, रेवांत वर्मा, मयंक साहू, यामिनी साहू, श्वेता निषाद, संगीत प्रतियोगिता में विभा सोनी, भौमिक राजगडे, पंखुड़ी पर्वत तथा समर कैंप अटेंड करने वाले सभी बच्चों को भी पुरस्कार वितरण किया गया। बेस्ट बाय सीनियर का स्थान मोक्ष यादवए बेस्ट गर्ल सीनियर जिया नागवानीए बेस्ट गर्ल जूनियर सृष्टि गुप्ताए बेस्ट बॉय जूनियर कवि साहू ने प्राप्त किया।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**भाटापारा।** निकटवर्ती खम्हरिया गांव मे स्थित स्कूल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवी एवं बारहवी के घोषित नतीजो मे वहां अध्ययनरत छात्र.छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने परिवार का नाम रौशन किया है। अच्छे अंको से उर्तीण छात्रो मे वंशिका मंधानी, साक्षी टंडन, दीपाली बर्मनए प्राजकता उपाध्याय, ओम विश्नोई, अनय अग्रवाल, धैर्य अग्रवाल, निधी बंजारा, स्नेहा गुप्ता, प्रार्थना आर्या, अनुराग माथुर, ओमेश साहू, युक्ता वर्मा, रितेश अक्षरा, जानवी गोस्वामी, हर्षा शर्मा सहित अन्य छात्र.छात्रा के नाम शामिल है। उपरोक्त परीक्षा परिणाम पर अश्वनी शर्मा, संदीप गोयल, प्राचार्य योगेश पोपट व स्कूल स्टाफ ने प्रसन्नता प्रकट करते हुये सभी सफ्ल छात्र.छात्राओं को बधाई दी है।

# अभी अग्रवाल ने मेरिट में स्थान बनाया



**भाटापारा।** सीबीएससी दसवी बोर्ड के घोषित परिणाम मे अंबुजा स्कूल रवान मे शहर के छात्र अभी अग्रवाल ने 96.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट मे अपना स्थान बनाया है वे प्रसिद्ध दाल मिल व्यापारी अनिल अग्रवाल के पोते है तथा अमित अग्रवाल के पुत्र है उनकी सफ्लता पर परिजनों सहित अमरजीत सलूजा ने बधाई दी है।

## सार्वजनिक बोर में पानी भरने को लेकर बन रहीं है विवाद की स्थिति

# भाटापारा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट गहराया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। नगर मे भीषण गर्मी के साथ हीं जल संकट बढ गया है जिसके चलते पेयजल सहित अन्य उपयोग के लिये पानी हासिल करने लोगों के बीच मारा मारी का माहौल बनने लगा है। शहर के अधिकांश सार्वजनिक बोरपंप व नलकूप मे पानी के लिये प्रातरू से देर रात तक लंबी लाईन लगी हुई है वहीं पानी के लिये मची हाय तौबा के बीच पानी भरने को लेकर महिलाओं के बीच तू तू मै मै का माहौल विभिन्न वार्डो मे बन रहा है।



क्षेत्र मे ज्यादातर बोर ने पानी उगलना बंद कर दिया है जिसका मुख्य कारण वाटर लेवल डाउन होना बताया जा रहा है वहीं थोडे बहुंत पानी उगलने वाले बोर मे पानी लेने को लेकर लोगों की भारी भींड उमड पडी है जिसमे पानी भरने को लेकर लोगों मे विवाद होना आम बात बन गया है इसी प्रकार के हालात ग्रामीण क्षेत्रो मे भी देखने को मिल रहा है ग्रामीण क्षेत्र के गांव खोलवा, टिकुलिया, ढाबाडीह, धौराभांठा, बोड़तरा, अमलीडीह, खम्हरिया, कैथी व सूमा मे भी जल संकट को लेकर लोग परेशान है व दूर दराज से कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी का जुगाड़ कर रहे है पिछले कुछ वर्षो से क्षेत्र मे लगातार औद्यौगिक संयंत्र लग जाने के बाद से शहर व क्षेत्र का भू.जल स्तर लगातार गिर रहा है जिसके चलते बोरिंग व नलकूप भीषण गर्मी मे जवाब दे रहे है अनेक स्थानो पर बोर मे पाईप डालने के बाद भी रिजल्ट संतोषप्रद नहीं आ रहा है फ्लस्वरूप लोग जल को लेकर पानी पानी हो रहे है अनेक स्थानो पर तो मजबूरी मे लोग नहाने व कपड़ा धोने प्रदूषित तालाबों का सहारा ले रहे है वहीं अनेक गांव मे पेयजल को लेकर रतजगा की स्थिति बन रहीं है इस बीच ग्रामीण क्षेत्रो मे विद्युत कटौती से जल संकट और गहरा गया है कु मिलाकर बढते गर्मी के माहौल मे जहां एक ओर लोगों के पसीने छूट रहे वहीं जल संकट ने जल की व्यवस्था करने मे लोगों के पसीने निकाल दिये है।

## आदि शंकराचार्य जयंती संपन्न



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आदि शंकराचार्य की 2531 जयंती के अवसर पर शिव मंदिर मारवाडी कुंआ मे रूद्राभिषेक पूजन व आराधना का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर आचार्य झम्मन शास्त्री, विरेन्द्र शर्मा, प्रेम भूषाणिया, सत्यनारायण जोशी, दीपक मल, नरेश चौबे, महेश चौबे, राकेश चौबे, बिहारी जोशी, राजेन्द्र शर्मा, नरेश अग्रवाल, अनिल चांडक, घनश्याम पुरोहित, जितेन्द्र कुमार, मोहन केशरवानी, प्रियेन्द्र शर्मा, संजय अग्रवाल, नरेश शर्मा, विजय शर्मा, हरगोपाल शर्मा, संजय शर्मा, गौरव बावला, महेश गुप्ता, रवि गुप्ता, शिवांस बावला, मिलिंद जोशी, अंश शर्मा, शिवम गुप्ता, आसुदेव गुप्ता, रेणु, त्रिवेदी, रेखा शर्मा, बाबू निषाद सहित अन्य भक्तजन बडी संख्या मे उपस्थित थे। आयोजन मे महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भाटापारा क्षेत्र में शासकीय भूमि पर फिर से अवैध कब्जा करने मची होड़

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** चुनावी आचार संहिता लगने के बाद से अब तक शहर व क्षेत्र मे शासकीय भूमि पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जा कर दुकान मकान चबूतरा व डुप्लीकेट नाली एवं अन्य किस्म के कब्जा करने वाले सक्रिय है। पालिका प्रशासन, नजूल प्रशासन तहसील प्रशासन व राजस्व प्रशासन के अलावा कृषि उपज मंडी की बेशकीमती व बहुमूल्य करोडो रूपये की जमीन पर अवैध कब्जा धडल्ले से किये जा रहे है खासकर टेंहका भांठा पचशील नगर मे इन दिनो सैकडो की तादाद मे अवैध कब्जा से निर्माण कार्य चल रहा है इसी प्रकार शहर से लगे ग्राम खोखली, तरेंगा, सेमरिया, सिद्ध बाबा धौराभांठा, देवरी, सूरजपुरा, दतरेंगी, दतरेंगा गांव मे भी बडी तादाद मे अवैध कब्जा करने का कारोबार तेजी से फ्ल फूल रहा है नगर मे पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही से समूचे शहर मे अवैध कब्जा पुनरू तेजी से हो रहा है शहर की मुख्य सड़क विभिन्न नहर नाली के अलावा मैदान तालाब अवैध कब्जे की भेंट चढ रहे है अनेक नहर नालियों पर अवैध



कब्जा करने वालो ने नाली के उपर स्लैब ढालकर नाला नाली के अस्तित्व को खत्म कर दिया है व अपनी कब्जा को छिपाने डुप्लीकेट नये नाली का निर्माण रातो रात कर रहे है स्थानीय विश्रामगृह के सामने तो पालिका प्रशासन की छत्र छाया मे पहले से अब ज्यादा अतिक्रमण हो गया है यह अतिक्रमण गौरवपथ मार्ग के दोनो छोर पर जोर शोर से चल रहा है विश्रामगृह के निकट छात्र.छात्राओं के अनेक स्कूल मौजूद है उसके बावजूद स्कूल के समीप हीं अनेक ठेला व गुमटियों मे नशीली पदार्थो का धडल्ले से विक्रय हो रहा है जबकि शासन प्रशासन के नियम कोटपा एक्ट के तहत स्कूल के समीप गुटखा, शराब, सिगरेट जैसी तमाम चीजों की बिक्री कानून अवैध है क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिको ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है कि पालिका राजस्व, नजूल, तहसील, मंडी व पुलिस प्रशासन एक साथ समन्वयक बैठाकर अवैध कब्जा हटाने शीघ्र सार्थक पहल करें।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर महिलाओं ने भी भाग लिया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर मे परशुराम प्राकटय उत्सव पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमे महिलाओं मे भी उत्साह व उमंग के साथ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र मे सुख शांति व प्रगति की कामना की। उपरोक्त कार्यक्रम मे सीमा शिवरतन शर्माए लक्ष्मी पांडे, बबीता भृगु, श्वेता आलोक मिश्रा, स्वर्णलता शर्मा, शिवानी राजेश शर्मा, श्रेया शर्मा, किरण कमल जोशी, उषा भृगु, किरण शर्मा, पिंकी शर्मा, प्रियंका पांडे, मुनमुन शर्मा, सीमा पांडे, राखी भृगु, सीमा पुरोहित सरोज तिवारी, लता तिवारी, सुमन शर्मा, लता अरूण शर्मा, गोपिका ओझा, अंजू भूगु, हर्षा शर्मा, निधि शर्मा, सीमा दवे, शशि पांडे, सीमा पांडे, चंन्द्रकिरण शर्मा, लब्बों शर्मा व श्रुति शर्मा सहित बडी संख्या मे अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

परशुराम जयंती पर अन्य सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक दल के लोगों ने शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया। आदिगौड ब्राम्हण समाज, लालसोट ब्राम्हण समाज, सरयू ब्राम्हण समाज ने भी परशुराम जन्मोत्सव पर अनेक आयोजन किये। शोभायात्रा के दौरान शनिवार सुंदरकाण्ड समिति के प्रकाश शर्मा, बंटी तिवारी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, गौरव शर्मा, धांधु शर्मा, महेश चौबे, राकेश चौबे व नरेश चौबे सहित अन्य लोगों ने पेयजल व शरबत वितरण किया। परशुराम जयंती के कार्यक्रम मे प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा, राकेश तिवारी, मनीष मिश्रा, रमेश कार्तिक शर्मा, नरेश शर्मा, रजत शर्मा, मयूर शर्मा, अरूण गनपत शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रशांत धर दीवान सहित अन्य लोग शामिल हुये।

## जेसीस कान्वेंट स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा



**भाटापारा।** जेसीस कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल मे अध्ययनरत दसवीं व बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहे है। उक्त स्कूल की कक्षा 12 वीं की छात्रा पलक अग्रवाल ने 90 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है। वहीं प्रियंका अग्रवाल ने दूसरा व अनिशा राउल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। दसवीं बोर्ड मे दामिनी वर्माए चौतन्य राव व समीक्षा कामरी ने क्रमशरू प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। उपरोक्त छात्र.छात्राओं की सफ्लता पर चेयरमेन सतीश अग्रवाल, बी राघव राव, शंकर सोनी, अख्खर अखिल गोल्हानी व ममता गुप्ता सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## आरोही ने 95 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उतीर्ण की



**भाटापारा।** अंबुजा विद्यापीठ रवान में अध्ययनरत क्लास 12 वी की परीक्षा में आरोही अग्रवाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। आरोही छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष बृजेश अग्रवाल एव अर्चना अग्रवाल की सुपुत्री है। आरोही की इस उपलब्धि पर अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य एस के पांडे, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जे के अग्रवालए विधायक इंद्र साव, रामरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनेंद्र गुंबर, दीपक मल, नंदू अग्रवाल, मनोज डागा, रूपेश मखीजा व पिंटू भृगु सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## अक्षित तिवारी ने 90 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उतीर्ण की



**भाटापारा।** सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित 2023.24 की बोर्ड परीक्षा में गुरुकुल स्कूल के छात्र साई अक्षित तिवारी ने 90.20 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उर्तीण कर स्कूल परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफ्लता पर स्कूल प्रबंधन सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है। वे अनिता तिवारी के भतीजे व राधाचरण तिवारी व नीलम तिवारी के सुपुत्र है।

## पीयूष अग्रवाल ने उत्कृष्ट अंको के साथ परीक्षा उतीर्ण की



**भाटापारा।** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में गुरुकुल स्कूल भाटापारा के छात्र पीयूष अग्रवाल ने अंग्रेजी हिंदी गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर परीक्षा उतीर्ण की है उनकी इस सफ्लता पर स्कूल स्टाफ व शहर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई देते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है पीयूष अग्रवाल राजेश एवं रेखा अग्रवाल के पुत्र हैं पीयूष अग्रवाल की सफ्लता पर कांग्रेस महामंत्री संतोष सोनी ने भी प्रसन्नता प्रकट करते हुए बधाई दी है।

## प्रियांशी अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उतीर्ण की



**भाटापारा।** शहर से 17 किलोमीटर दूर अंबुजा विद्यापीठ मे अध्ययनरत छात्रा प्रियांशी अग्रवाल ने 12 वीं सीबीएससी बोर्ड परीक्षा मे 98 प्रतिशत अंक के साथ वांणिज्य संकाय मे परीक्षा उर्तीण कर समुचे जिले मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। प्रियांशी अग्रवाल भाटापारा अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक श्रवण अग्रवाल की पोती व सिविल कांट्रेक्टर संदीप अग्रवाल चिकू व श्रीमती सरोज अग्रवाल की पुत्री है। प्रियांशी के जिला टॉपर बनने पर प्रेमरतन राठी, सुरेश सिन्हा, सोमेश सिन्हा, मुसाफिर सिन्हा, रूपेश सिन्हा, सीताराम देवांगन, अमित दबे, राजेश राठी, प्रवीण राठी, राहुल ओझा व राजेन्द्र ओझा सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता प्रकट करते हुये बधाई दी है।

## प्रिया देवांगन ने 96 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उतीर्ण की



**भाटापारा।** छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम मे मयूर स्कूल मे अध्ययनरत कक्षा 10 वीं की छात्रा कुमारी प्रिया देवांगन ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भाटापारा के समूचे स्कूल मे प्रथम स्थान अर्जित किया है। प्रिया देवांगन शासकीय प्राथमिक शाला चंदखुरी मे सेवारत प्रधान पाठिका लवली देवांगन की पुत्री है उनके पिता जितेन्द्र देवांगन स्थानीय कुशल आटो सेंटर मे वर्क्स मैनेजर है छात्रा प्रिया देवांगन ने अपनी सफ्लता का श्रेय माता पिता तथा गुरूजनो को दिया है। मयूर स्कूल के प्राचार्य नंदलाल बाजपाई, अनिल भृगुए रविन्द्र जैन व अखिलेश जिंदाणी ने प्रिया देवांगन की सफ्लता पर प्रसन्नता प्रकट करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सरस्वती शिशु मंदिर का परिणाम उत्कृष्ट रहा



**भाटापारा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डर स्कूल के परीक्षा परिणाम मे कक्षा 10 वीं की परीक्षा मे 29 छात्र.छात्रा प्रथम श्रेणी, 03 द्वितीय श्रेणी, 01 तृतीय श्रेणी मे उर्तीण रहे वहीं 03 पूरक के पात्र घोषित किये गये। उक्त परीक्षा मे मुस्कान साहू, नीलकमल साहू, कुलदीप चतुर्वेदी, तुलसी साहू व प्रिंसी साहू क्रमशः एक से पांच स्थान तक रहे वहीं कक्षा 12 वीं की परीक्षा मे 52 छात्र.छात्राओं ने भाग लिया जिसमे 19 प्रथम श्रेणी, 30 द्वितीय श्रेणी, 1 तृतीय श्रेणी व 1 पूरक के पात्र रहे। उक्त परीक्षा मे हर्ष साहू, पलक साहू व आशीष सोनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य टेकराम वर्मा, अनिल जैन व मालिकराम वर्मा ने सभी छात्र.छात्राओं को बधाई दी है।

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा में भाटापारा का दबदबा

## दो छात्राओं ने क्षेत्र का मान सम्मान बढाया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा के परिणाम में भाटापारा ब्लॉक व शहर की छात्राओं ने टॉप टेन में स्थान बनाकर ब्लॉक व शहर का नाम रोशन किया है 12वीं कक्षा हायर सेकेंडरी परीक्षा में ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम करही बाजार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा प्रीति यादव ने 96.80% अंक प्राप्त कर जहां प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है वही आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम शिवलाल मेहता हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अदिति साहू ने 95.80 % अंकों के साथ छठवां स्थान प्रदेश में हासिल किया है





करही बाजार ब्लॉक भाटापारा के सरकारी स्कूल की छात्रा प्रीति यादव ने गरीब आर्थिक स्थिति व अभाव के बीच अध्ययन कर प्रदेश में तीसरा स्थान बनाया है प्रीति के पिता मतवाली राम यादव मिस्त्री का काम करते हैं जबकि उसकी माता मजदूरी करती है चार बहन व दो भाई सहित प्रीति यादव के परिवार में कुल 10 सदस्य हैं इन सब के पालन पोषण की जवाबदारी प्रीति के पिता पर है प्रीति के परिवार की आर्थिक स्थिति डावांडोल होने के बावजूद उसने पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए दूसरों से काफी पुस्तक मांग कर पढ़ाई की। वह छत्तीसगढ़ हायर सेकेंडरी बोर्ड टॉपर्स तक का सफर तय किया। उनकी इस सफलता पर प्राचार्य ईश्वर लाल देवदास व शिक्षिका अलका राठौर ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि उनकी स्कूल की शिक्षा स्तर बेहतर करने का प्रयास सार्थक हुआ है। प्रीति की इच्छा बैंकिंग व शिक्षा की क्षेत्र में जाकर सेवा करने की है। वहीं शहर में अरसे तक विमल कोचिंग के नाम से विमल साहू वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं को मंजू फोटो स्टूडियो की गली में कोचिंग क्लास लेते रहे, इस बीच विमल साहू का हृदयघात से निधन हो गया, लेकिन उनके सपनों को उनकी पुत्री अदिति साहू ने पूरा करते हुए बोर्ड परीक्षा में छठवां स्थान प्राप्त कर शहर का सम्मान बढ़ाया है। दो भाइयों एवं एक बहन के परिवार में में अदिति साहू ने 95.80% अंक के साथ छठा स्थान प्रदेश में प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। वह भविष्य में आईएएस अफसर बनने को इच्छुक है।

# भाटापारा कृषि मंडी में धान की बंपर आवक होने से सड़क जाम के हालात



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रबी फसल की बंपर आवक होने से इन दिनो कृषि उपज मंडी का समूचा परिसर धान बोरे से लबालब हो गया है वहीं सैकडो की संख्या मे ट्रेक्टर ट्राली, माजदा, छोटा हांथीए डीआई वाहन, पिकअप वाहन मे लदे धान व अन्य उपज से लदी गाडियो का काफिला सड़क के चारो दिशाओं की सड़क पर जाम होने से यातायात बाधित हो रहा है। भाटापारा मंडी मे राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर चांपा, महासमुंद, सारंगढ.बिलाईगढ व रायपुर सहित अन्य जिलो के दूर दराज के गांव से रबी की धान उपज बडी मात्रा मे भाटापारा पहुंचने से मंडी क्षेत्र के चारो तरफ सड़क पर वाहनो का काफिला जाम होने से यातायात मे लोगों को दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। मंडी मे नये धान की भरपूर आवक के बावजूद धान के मूल्य मे कोई गिरावट नहीं हुई है जिसका मुख्य कारण क्षेत्र मे लगातार बढ रहे राईस मिल व पोहा मिल को माना जा रहा है जिनकी कैपीसिटी इतनी अधिक उत्पादन की है कि प्रतिदिन 20 हजार बोरा धान उन्हे चाहिये जिसके चलते तमाम दूर दराज के गांव से धान की नई उपज पहुंचने के बावजूद भाटापारा मंडी मे किसानो को अच्छा रेट प्राप्त हो रहा है वहीं आवक के हिसाब से मंडी प्रांगण के छोटे पड जाने की वजह से सड़क पर जाम के हालात उत्पन्न हो रहे है इस बीच पिछले कुछ दिनो पूर्व नये मंडी के लिये निर्धारित स्थल सेमरिया.खोखली मार्ग पर कुछ लोगों ने नये धान की खरीदी बिक्री भी शुरू कर दी थी इस बात की जानकारी मंडी प्रशासन को होने पर मंडी सचिव शत्रुघन वर्मा ने बताया कि लोगों की शिकायत पर कार्यवाही करते हुये उक्त कृत्य नये परिसर पर करने पर रोक लगाया गया है क्योकि मंडी बोर्ड द्वारा उक्त नया मंडी प्रांगण का अभी निर्माण नहीं हुआ है और न हीं कारोबार के लिये उक्त क्षेत्र अधिसूचित है ऐसे हालत मे वहां पर कारोबार करना अवैधानिक है फिर भी कतिपय व्यापारियों द्वारा भाटापारा बिलासपुर मार्ग एवं नये मंडी के प्रस्तावित क्षेत्र के बाजू मे धान की खरीद फरोख्त करने की लगातार सूचनायें मिल रहीं है अब यह मंडी प्रशासन पर निर्भर करता है कि सड़क व नये मंडी परिसर के बाजू मे धान खरीदने वालो के विरूद्ध वे क्या कार्यवाही करते है।

# भाटापारा पालिका की उदासीनता से चारों तरफ गंदगी का आलम

### जगह जगह बजबजाती नालियां व कचरो के ढेर से शहर की सूरत बिगडी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी नगर पालिका मे इन दिनो प्रशासनिक व्यवस्था ठप्प हो जाने से शहर मे सफाई व्यवस्था का जनाजा निकल गया है। जगह जगह कूड़ाए कचराए करकट का ढेर लगा है उस ढेर पर आवारा घूमते पशु एवं सुअर कचरा को सड़को पर फैलाकर आम आदमियों के लिये मुसीबत पैदा कर रहे है सड़क सफाई से लेकर नाली सफाईए नाला सफाई व गली सफाई का काम पूरी तरह चौपट हो गया है जिस कर्मचारी की जिम्मे सफाई व्यवस्था दी गई है वह स्वयं सफाई कर्मचारियों की हाजिरी लेने समय पर नहीं पहुंचता है फलस्वरूप बाल मंदिर परिसर से तमाम एकत्रित सफाई कर्मचारी उसके इंतजार मे प्रातरू 6 बजे तक अपनी हाजिरी लगाने बैठे रहते है जिससे पूरी तरह शहर की सफाई व्यवस्था ठप्प हो गई है। जगह जगह चौक चौराहे पर कूड़ाए कचराए करकट का जमावड़ा हो रहा है वहीं नालियां बजबजा रहीं है। शहर के अनेक वार्डो मे तो दो दो महीने तक नाली सफाई का काम नहीं हो पाया है जबकि आने वाले महीनो मे बरसात का मौसम प्रारंभ होने वाला है जिससे जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने का खतरा मंडरा रहा है खासकर बस स्टैडए बब्बू होटल के पीछे स्थित नाला जो कि नयागंज व नेहरू वार्ड होकर पैठू डबरी तक पहुंचता है वह गंदगी व कचरा से लबालब भरा पड़ा है इसी प्रकार हटरी बाजार के अंदर गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ है सब्जी बाजार मे तो अनेक महीनो से सफाई कार्य हुआ हीं नहीं है वहीं बंद पडे रेल्वे अंडरब्रिज हटरी बाजार के पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है सडे गले सब्जी व फल के अलावा मुर्गा मटन के अवशेष वहां पर फेंके जाने से उस इलाके मे असहनीय बदबू उठ रही है जिससे वहां से आने जाने वालों को अपने मुंह पर कपडा व रूमाल रखकर निकलना पड रहा है एक समय था जब उक्त अंडरब्रिज के रास्ते बैल गाडियों का आना जाना होता था साथ हीं दाह संस्कार के लिये श्मशान घाट जाने के लिये लोग हटरी बाजार अंडरब्रिज होकर जल्दी से शव को कंधो पर लेकर जाते थे लेकिन मौजूदा समय मे गंदगी का सबसे बडा संग्रह हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज के पास होने से हटरी बाजार के रास्ते हिन्दू श्मशान घाट जाने वाले लोग अब दो किलोमीटर घूमकर श्मशान गृह तक जा रहे है वहीं हटरी बाजार से रामसागर पारा, मुंशी इस्माईल वार्ड, लाल बहादूर शास्त्री वार्डए शहीद वीर नारायण सिंग वार्ड जाने वालो को हीं गंदगी के कारण घूमकर आना जाना पड़ रहा है शहर मे सर्वाधिक गंदगी का माहौल वाले लगभग आधा दर्जन वार्डो मे पिछले कई महीनो से सफाई कर्मचारियों के लगातार नहीं पहुंचने के कारण उक्त वार्डो मे मच्छरो का प्रकोप बढ गया है पंखे कूलर चलाये जाने के बावजूद मच्छर लोगों को काटने से बाज नहीं आ रहे है वहीं गंदगी के चलते फैल रही दुर्गंध से लोग हलाकान है। बताया जाता है कि पालिका मे पर्याप्त संसाधन होने के बावजूद दृढ इच्छा शक्ति व प्रशासनिक व्यवस्था कठोर नहीं होने से शहर मे सर्वत्र गंदगी का आलम व्याप्त है जिसके कारण लोग बीमार भी पड रहे है क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला कलेक्टर व नगरीय निकाय मंत्री से भाटापारा पालिका की बदतर व्यवस्था को पटरी पर लाने की दिशा मे ठोस कदम उठाने की मांग की है।

**जगह जगह चौक चौराहे पर कूड़ा, कचरा का जमावड़ा हो रहा है वहीं नालियां बजबजा रहीं है**

# गुरुकुल स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा








ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में गुरुकुल स्कूल का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। दसवीं बोर्ड परीक्षा में तनिष्क सबलानी, पीयूष अग्रवाल, कृति शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है वहीं बारहवीं परीक्षा में साक्षी वर्माए रीजक कौर सलूजाए साईं अक्षत तिवारी क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया इसी तरह निखिल दवानीए अन्नया जायसवालए भूमि किंगरानी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया उपरोक्त सभी छात्र.छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी है।

# भाटापारा में लोकोत्सव की तैयारी पूरी

## दूर अंचल से आये कलाकार कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर में लोकोत्सव आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है इस संबंध में लोकोत्सव मैदान को पूरी तरह व्यवस्थित किया गया है जहां 18 मई 19 मई व 20 मई को विविध आयोजन किये जाएंगे। प्रथम दिवस सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में साहित्यिक गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है वहीं लोकोत्सव मैदान में रात्रि से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं छतीसगढ़ी लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम मे पंडवानी बांस गीत महिला सुआ नृत्य भरथरी पंथी नृत्य नाचा गम्मत बस्तरिया नृत्य शिवकुमार तिवारी गायक की प्रस्तुति डंडा नृत्य राउत नाचा सहित शीतला माता झांकी का आयोजन लोकोत्सव मैदान के मंच से प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में बोड़ला, कवर्धा, मोहरा, गरियाबंदए राजिम, परसवानी, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, लटुवा, भिंभौरी, देउरगांव, देव किरारी, चारामा, अंबिकापुर, साजा, करेली, बलोदाबाजार, चारोटी भिलाई, घटारानी व आरंग सहित अन्य स्थानों के सैकड़ो कलाकार अपने.अपने दल के साथ संगीतमय कार्यक्रम पेश करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर नरेन्द्र शर्मा, रमेश यदु, गुरूचरणदास मानिकपुरी, रघुनाथ प्रसाद पटेल, प्रिया सेन, घनश्याम चवरे, सलीम खान, धनंजय वितारी, दुर्गेश यदु, गायत्री आडिल, नरेन्द्र वर्मा, नरेन्द्र यदु, हेतराम कुर्रे, प्रकाश शर्मा, हनी यदु, प्रमोद जैन, सतरूपा वर्मा, धन्नू यादव, टेकराम सेन, चंन्द्रभूषण शुक्ला, हर्षराज सेन, हलधर शर्मा, सुरेन्द्र वर्माए अश्वनी शर्मा, मदन ठाकुर, सुकृत साहू, रघ्यू साहू, देव साहू, वीणा साहू, कल्याणी साहू, बोधनी साहू, सालिक साहू, अजय साहू व पूनम साहू सहित अनेक लोगों की टीम का गठन किया गया है जो समस्त आयोजन के दौरान अलग अलग प्रभार व व्यवस्था संभालेंगे। कार्यक्रम मे साहित्यकार बल्देव भारती का भी विशेष योगदान रहेगा।

# इन्द्र साव शामिल हुये देवरी के कर्मा जयंती में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव ने ग्राम देवरी मे आयोजित कर्मा जयंती मे हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होने भक्त माता कर्मा के बताये मार्ग पर चलकर समाज व क्षेत्र को आगे ले जाने का आव्हान उपस्थित सामाजिकजनो से किया। उपरोक्त अवसर पर तरेंगा परिक्षेत्र तहसील अध्यक्ष चौतराम साहू, भरत साहू, कमलेश साहू, रामसागर साहू, घनाराम साहू, कुलेश्वर साहू, सहदेव साहू, सकुन राजकुमार साहू, ईश्वरीय साहू, तुलसी साहू, दयालू साहू, चेतन साहूए ललित साहू, कैलाश साहू, चुन्नीलाल साहू, नरेश साहू, जीवन साहू, रामेश्वर साहू व देवचरण साहू सहित बडी संख्या मे साहू समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# अक्षय तृतीया पर गुडा गुडियों का विवाह रचाया गया



**भाटापारा।** ग्राम टोपा मे अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर दुर्गा चौक मे गुडा गुडियों का विवाह रचाया गया जिसमे गांव की युवतियों व महिलाओं ने समस्त रीति रिवाज व नेंग का पालन करते हुये पुतरा पुतरी का विवाह रचाया इस दौरान चुलमाटी, तेल, मायन, पाणीग्रहण, सातफेरा व टीकावन के साथ साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। उक्त अवसर पर धमेन्द्र, पायलए रेणुकाए सानियाए रानीए मोनाए संतोषी, शकुन, बीना, ललिता, निर्मला, दिनेश्वरी, साधना, खुशबू, धानिया, डिंम्पल, मीरा सहित गांव के नेता भूपेन्द्र सेन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## अभिषेक उपाध्याय बने अध्यक्ष

**भाटापारा।** स्थानीय यज्ञ स्थल मे सर्व ब्राम्हण समाज के युवाओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमे युवा शाखा का गठन किया गया बैठक मे आम सहमति से अभिषेक उपाध्याय बंटी को अध्यक्ष बनाया गया है वहीं राजा तिवारी उपाध्यक्षए आशीष टोडर, निहाल पांडे व प्रसुन्न शर्मा भी उपाध्यक्ष बनाये गये है महामंत्री पद पद रोशन मिश्रा व पिंटू तिवारी की नियुक्ति की गई कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौरभ शर्मा को दी गई है मंत्री पद पर अभिषेक मिश्रा, मोहन तिवारी, गणेश तिवारी, राहुल जोशी, अरिहंत सेवाका, आदित्य दुबे, आयुष्मान शर्मा व अभिषेक शुक्ला की नियुक्ति की गई। समाज के प्रचार प्रसार प्रमुख की जवाबदारी बिहारी जोशी एवं अमित मिश्रा को दी गई समाज के नये अध्यक्ष के रूप मे अपने मनोयन के बाद बंटी उपाध्याय ने कहा है कि वे सभी के सामंजस्य से कार्य करेंगे।

## शंकराचार्य स्कूल का परिणाम बेहतर रहा




**भाटापारा।** शंकराचार्य विद्यापीठ टिकुलिया ढाबाडीह का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा स्कूल के छात्र विनय सोनी व काजल साहू ने 92.06 प्रतिशत तथा 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है स्कूल प्रबंधन व शिक्षकीय स्टाफ के लोगों ने छात्र.छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**भाटापारा।** स्थानीय कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट देवरी मे बीसीए प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला ने बताया कि महाविद्यालय मे लिकेश्वर प्रसाद ने 69.08 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है वहीं सेउक ने 69.05 के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया है मधु साहू ने 67.07 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। शुक्ला एवं कालेज के प्राचार्य वंदना चौहान एवं शिक्षकीय स्टाफने सभी सफल छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शिवरतन शर्मा ने ओडिसा में चुनावी प्रचार की कमान सम्हाली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** राज्य मे संपन्न लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने ओडिसा प्रांत मे चुनाव प्रचार की कमान संभाल लिया है। शर्मा ने ओडिसा राज्य के संबलपुर जिला भाजपा कार्यालय मे इसी क्रम में बुधवार को ओडिशा के सम्बलपुर जिला कार्यालय में उन्होंने जिला पदाधिकारीए कार्यकर्ताओं की बैठक ली और सभी ऊर्जावान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए ओड़ीसा की सभी सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लेने की अपील की साथ ही देश के गृहमंत्री अमित शाह की होने वाली जनसभा की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर अनेक सभाएं ली और सभा को संबोधित करते हुये कहा कि ओडिशा और देश के भविष्य के निर्माण के लिए सभी लोगों को अपना योगदान देना चाहिये। शर्मा ने आगे कहा कि मजबूरी और परिवारवाद का कारण ओडिशा विकसित राज्य नही बना पा रहा है। आज भी यहां के लोग बेहतर शिक्षाए स्वास्थ्य और व्यापार आदि के लिए छत्तीसगढ़ पर निर्भर हैं। छत्तीसगढ़ का निर्माण आज से लगभग 23 साल पहले हुआ था लेकिन जो विकास के मामले में छत्तीसगढ आज काफी आगे हैए वर्तमान में डबल इंजन सरकार के आने से वहां के लोगों में समृद्धि आ रही है और व्यापार फल फूल रहा है लेकिन ओडिशा में व्यापार टूट रहा है। भाजपा सरकार सुख शांति और समृद्धि का प्रतीक है इसलिए सभी लोग स्वयं भी भाजपा को वोट दें और वोट करने के लिए प्रेरित कर भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रधान और विधानसभा प्रत्याशी जय नारायण मिश्रा के पक्ष में मतदान करे। इस अवसर पर पूर्व मंत्रीए वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडे ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में छोटे बड़े व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैंए लेकिन ओडिशा सरकार के दमनकारी समुदाय के लोग यहां से व्यापार पलायन कर रहे हैं जिससे ओडिशा का आर्थिक विकास नही हो पा रहा है। मिशन फॉर नेशन कार्यक्रम में सम्मिलित होने सम्बलपुर पहुचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से भी शिवरतन शर्मा एवं प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने भेंट कर देश मे चल रहे और छत्तीसगढ़ में हो चुके चुनावो से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

# शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न



**भाटापारा।** सकल दिगंबर जैन समाज छत्तीसगढ तथा चिन्मय सागर चौरिटेबल ट्रस्ट भाटापारा के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन नगर मे किया गया। जिसमे छत्तीसगढ उद्योग निगम के पूर्व अध्यक्ष छगन मुंधड़ा, मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम मे प्रकाश मोदी, पदम जैन, किशोर जैन, सुशील जैन, संतोष जैन, रजनीश जैन सहित खैरागढ, राजिम, नैला, अकलतरा व रायपुर एवं तेन्दूखेड़ा से आये समाज प्रमुख भी शामिल हुये। कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कनार्टक के शिक्षको ने अपने फार्म सबमित किये जिसका चयन राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री पुरस्कार से सुशोभित चिन्मय सागर चौरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी रजनीश जैन जबलपुर तेन्दूखेडा के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम मे देश सेवाए समाज सेवाए ज्ञानदान, सांस्कृतिक कार्यक्रमए खेलकूद व योग आदि के माध्यम से किये गये कार्यो को देखकर शिक्षको को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे शिक्षको को मोमेंटो व सर्टिफिक्रेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक मोदी व विनोद मोदी ने किया वहीं आलोक मोदी ने आभार प्रदर्शन किया। उक्त अवसर पर ब्लड डोनेशन कैम्प भी लगाया गया जिसमे शिक्षकों ने ब्लड डोनेट कर उल्लेखनीय कार्य किया उक्ताशय की जानकारी सुमनलता मोदी ने देते हुये बताया है कि आगामी वर्ष का शिक्षक सम्मेलन जबलपुर मे आयोजित किया जायेगा।

# भाटापारा में 21 जोडों का आदर्श सामुहिक विवाह संपन्न

## ई – रिक्शा मे निकली बारात

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्थानीय माहेश्वरी मिल प्रांगण मे गत दिनो माहेश्वरी सभा बिलासपुर एवं भाटापारा माहेश्वरी सभा द्वारा 21 जोडो का आदर्श सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमे मावली माता मंदिर प्रबंधन समिति के मार्गदर्शन मे वैवाहिक जोडों ने शादी विवाह की तमाम रस्म पूरी की उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्माए क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव व साहू समाज के रामू साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्त सामूहिक विवाह मे पंडरिया के अमित हलवाई का विवाह भाटापारा की सोनम गुप्ता से हुआ वहीं परस वर्मा सेमरिया संग चेतना मगरलोडए रेखालाल साहू घुरसेना संग अष्टमी साहू भाटापाराए दौलतराम साहू ग्राम पासीद संग अर्चना साहूए प्रमोद यादव ग्राम मुटपुरी संग रामेश्वरी यादव भाटापाराए किशनलाल साहू भाटापारा संग पूजा साहू रायपुरए संजू गोस्वामी बिलासपुर संग रूखमणी गोस्वामी तिल्दा नेवराए तलेन्द्र देवांगन तरेंगा संग निशा देवांगन ग्राम जरौद, हर्ष निषाद बेमेतरा संग हेमिन निषाद ग्राम तरेंगा, खिलावन कुर्रे ग्राम बुढेरा संग चांदकुमारी ग्रा खिलोरा, तुलेश्वर साहू भाटापारा संग चन्द्रकला साहू ग्राम भटभेरा, कुंदन साहू भाटापारा संग अंजलि साहू ग्राम खोखली, प्रकाश जोशी ग्राम दतरेंगी संग नीलम बघेल भाटापारा, पंचमराम सेंदूर गोंदिया संग दुर्गा चक्रधारी ग्राम पासीद बिल्हा मोड़ए डोमार साहू रायपुर संग मनीषा साहू सिंगारपुरए साहिल बांधे ग्राम सिंगारपुर संग मनीषा ग्राम अमलडीहा खुबीराम तेली ग्राम नवागढ संग गायत्री साहू बिलासपुर, प्रकाश कोशले ग्राम कलमीडीह संग बृहस्पिति ग्राम खम्हरिया लाल बहादूर साहू रायपुर संग जानकी वैष्णव ग्राम बीरगांव रायपुर विक्रम रायपुर संग खिलेश्वरी भाटापारा सहित अन्य लोग विवाह बंधन मे बंधे। उपरोक्त अवसर पर व्यवस्था बनाने के लिये राजेश झंवर, दीपक मलए अनिल चांडक, लाला चांडक, नीतिश साहू, सुभाष भटटर, संदीप भटटर, हेमंत भटटर, शिव दम्मानी, रविशंकर तिवारी के अलावा माहेश्वरी युवा मंडल, महिला मंडल व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने जनपद भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** जिला कलेक्टर केएल चौहान के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ ने भाटापारा जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दिव्या अग्रवाल ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कर्मचारियों से विभिन्न योजनाओं की संबंधी मे जानकारी हासिल की। सीईओ ने विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी कृषि विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यक्रम, मनरेगा, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिवों क विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होने समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। दिव्या अग्रवाल ने अपने प्रवास के दौरान ग्राम देवरी मे चल रहे मनरेगा कार्यो का जायजा लिया तथा ग्राम पंचायत देवरी के भवन का निरीक्षण भी किया। उन्होने ग्राम पंचायत खोलवा मे सेग्रिगेशन शेड मे घर घर जाकर कचरा एकत्रित करने वाली स्व सहायता की महिलाओं से चर्चा की व स्वच्छता के संबंध मे और अधिक अच्छे से कार्य करने के निर्देश दिये। सीईओ दिव्या अग्रवाल के निरीक्षण दौरे के दौरान भाटापारा सीईओ सत्यव्रत तिवारीए अभिजीत मित्राए अविनाश पैकरा सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी रोजगार सहायकए सचिव सरपंच करारोपण अधिकारी उपस्थित थे।

# सफल परीक्षार्थियों को बृजमोहन ने दी बधाई

**रायपुर।** गुरुवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही असफल परीक्षार्थियों को धैर्य रखने और निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि, परीक्षाफल केवल हमारे प्रयासों का प्रतिबिंब मात्र है. यह हमारी क्षमता या बुद्धिमत्ता का पूर्ण माप नहीं है। यह हमें समझने में मदद करता है कि हमने कितना अच्छा प्रदर्शन किया, किन क्षेत्रों में हम मजबूत हैं और किनमें सुधार की आवश्यकता है। वास्तविक जीवन में सफलता कठिन परिश्रम, लगन, दृढ़ता और अनुकूलन क्षमता से प्राप्त होती है। जिन परीक्षार्थियों को किसी कारणवश सफलता नहीं मिली उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता हमें पूर्ण विश्वास के साथ अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। आप सभी अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित रखें, सीखते रहें, और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। यही सच्ची सफलता की कुंजी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि, वो ईश्वर से कामना करते हैं कि, सभी परीक्षार्थी अपने जीवन में मनवांछित सफलता प्राप्त करें। इस वर्ष 10 वीं में 75.61 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जिनमे 79.35 फ़ीसदी बालिका और 71.12 फ़ीसदी बालक उत्तीर्ण हुए । जबकि 12वीं में 80.74 फ़ीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जिनमें 83.72 प्रतिशत बालिका और 76.91 प्रतिशत बालक शामिल है।

# कांग्रेस देश को फिर से बांटने का काम कर रही है : जेपी नड्डा

**बिलासपुर-रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चमड़ी व रंग के आधार पर देश को विभाजित करने की योजना पर काम कर रही है। यह देश व जनता के लिए किसी भी सूरत में सही नहीं है। कांग्रेस के शहजादे जिस प्रकार से धर्म व जाति के नाम पर आरक्षण देने की बातें कर रहे हैं, उससे बेहद भयावह तस्वीर सामने आ रही है।श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस आज भी कांग्रेस की फूट डालो, राजनीति करो की नीति पर चल रही है। धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, पहाड़ व मैदान के साथ वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति की जा रही है। नड्डा बिलासपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे थे। नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले देश की जनता यह मान चुकी थी कि अब उदासीनता की राजनीति में कुछ भी बदलने वाला नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की मेहनत से 10 वर्ष के कार्यकाल में दृष्टि, समर्पण और क्षमता के कारण आज देश विकसित भारत का संकल्प पूरा करने की ओर अग्रसर है। पीएम मोदी के ही नेतृत्व में भारत ने अर्थव्यवस्था में ब्रिटेन जैसे देश को पछाड़ा है। भारत आज किसी देश का पिछलग्गू नहीं अपितु आगे दौड़ने वाला देश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और उसके आतंकी संगठनों पर हुई कड़ी कार्रवाई मोदी की क्षमता और नेतृत्व का ही परिणाम है। यह चुनाव मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है। नड्डा ने कहा कि आईएनडीआईए घोटाला करने वालों का गठबंधन है।



अब राहुल बाबा जरूरतमंदों के आरक्षण पर डाका डालने के लिए ललायित हैं लेकिन मोदी काल में भ्रष्टाचारी या तो जमानत पर हैं, या जेल में हैं। नड्डा ने कहा, हमें सिर्फ जीत ही नहीं चाहिए, अंतर भी बड़ा होना चाहिए।

**राहुल पर कसा तंज :** राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह आरक्षण को लेकर कार्य करते हैं। संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, लेकिन खुद उस किताब को पढ़ते नहीं हैं। अगर पढ़ते तो उन्हें पता होता कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रविधान नहीं हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण देकर कांग्रेस अखंड भारत को खंड-खंड करने का प्रयास कर रही है।

ओडिशा के काटाबांजी में किया भाजपा का प्रचार

# उज्जवल भविष्य के लिए भाजपा को जिताए-बृजमोहन

**रायपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं छत्तीसगढ़ के शिक्षा संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल इन दिनों ओडिशा में भाजपा के पक्ष में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। विभिन्न समाजों की बैठक लेकर ओडिशा के उज्जवल भविष्य के लिए भाजपा की मजबूत सरकार बनाने का आह्वान कर रहे है। इसी क्रम में आज ओडिशा के काटाबांजी में उन्होंने अग्रवाल सभा ट्रस्ट की बैठक ली और समस्त व्यापारी समुदाय से प्रदेश के हित में लोकसभा क्षेत्र में सांसद पद पर भाजपा को संगीता सिंहदेव तथा विधायक पद पर लक्ष्मण बाग को जिताने का आग्रह किया।



सभा को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सभी लोगों को ओडिशा और देश का भविष्य बनाने के लिए अपना योगदान देना चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद के कारण ओडिशा पिछड़ा और गरीब राज्य बना हुआ है। 25 सालों से यहां पर पटनायक परिवार सरकार चल रहा है, स्थाई सरकार होने के बावजूद ओडिशा में विकास का कोई काम नहीं हुआ। आज भी यहां के लोग बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार आदि के लिए छत्तीसगढ़ पर निर्भर हैं।




छत्तीसगढ़ का निर्माण आज से लगभग 23 साल पहले हुआ लेकिन वो विकास के मामले में आज काफी आगे है वर्तमान में डबल इंजन सरकार आने से वहां के लोगों में समृद्धि आ रही है व्यापार फल फूल रहा है लेकिन ओडिशा में व्यापार दम तोड़ रहा है।




बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की भाजपा सरकार सुख शांति और समृद्धि का प्रतीक है। इसलिए सभी लोग खुद भी भाजपा को वोट दें और दूसरों को भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील जे सिंघी ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश भर में छोटे बड़े व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं लेकिन ओडिशा सरकार की दमनकारी नीतियों के चलते यहां से व्यापारी पलायन कर रहे हैं जिससे ओडिशा का आर्थिक विकास ठप पड़ गया है।

# हर साल बेहद धूमधाम से निकाली जाती है जगन्नाथ रथ यात्रा



**हिंदू पंचांग के मुताबिक हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलते हैं।**

**हिंदू पंचांग के मुताबिक हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलते हैं।**

इस रथ यात्रा को महोत्सव और गुंडिचा नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि इस बार 07 जुलाई 2024 से रथ यात्रा की शुरूआत हो रही है। धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है।

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाता है। इस यात्रा में न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालु शामिल होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर साल यह रथ यात्रा क्यों निकाली जाती है। ऐसे में अगर आपको इसका जवाब नहीं पता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा क्यों निकली जाती है और इसकी खासियत क्या है।



## क्यों निकाली जाती है जगन्नाथ रथ यात्रा

पद्म पुराण के अनुसार, एक बार सुभद्रा ने भगवान जगन्नाथ से नगर देखने की इच्छा जाहिर की। तब भगवान जगन्नाथ ने देवी सुभद्रा को रथ पर बैठाकर नगर दिखाया। इसके बाद वह अपनी मौसी के घर गए और वहां पर सात दिनों तक रुके। तभी से हर साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालने की परंपरा शुरू हो गई।

## जगन्नाथ रथ यात्रा की खासियत

भगवान जगन्नाथ के रथ में 16 पहिए लगे होते हैं और इस रथ को शंखचूड़ नामक रस्सी से खींचा जाता है। बता दें कि इस रथ को बनाने के लिए नीम की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है।

भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा तीन विशालकाय और भव्य रथों पर विराजमान होते हैं। इनमें से सबसे पहला रथ बलराम जी का चलता है और बीच में सुभद्रा और सबसे पीछे भगवान जगन्नाथ का रथ चलता है।

इस रथ को बनाने में कील का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक किसी भी शुभ व आध्यात्मिक कार्य को करने के लिए कील या कांटे का उपयोग करना अशुभ माना जाता है।

भगवान बलराम और देवी सुभद्रा का रथ लाल रंग का होता है, तो वहीं भगवान जगन्नाथ के रथ का रंग लाल या पीला होता है।

# भगवान शिव और मां पार्वती के अलावा शिवलिंग पर विराजते हैं ये देवी-देवता, आप भी लें आशीर्वाद

सोमवार का दिन भगवान शंकर को समर्पित होता है। वहीं शिवलिंग पर मौजूद अलग-अलग स्थानों की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को शुभ फल प्राप्त होते हैं। शिवलिंग में मां पार्वती, भगवान शिव, गणेश-कार्तिकेय और अशोक सुंदरी का स्थान होता है।

सोमवार का दिन भगवान शंकर को समर्पित होता है। वहीं शिवलिंग पर मौजूद अलग-अलग स्थानों की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को शुभ फल प्राप्त होते हैं। बता दें कि शिवलिंग पर भगवान शिव के अलावा माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय और अशोक सुंदरी का स्थान माना गया है। ऐसे में शिवलिंग के इन अलग-अलग स्थानों की पूजा कर आप इनका भी आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

## अशोक सुंदरी का स्थान

पद्मपुराण के अनुसार, भगवान शिव और माता पार्वती के अलावा उनकी बेटी अशोक सुंदरी का भी उल्लेख किया गया है। बता दें कि शिवलिंग में जिस स्थान से जल बहकर निकलता है, उस स्थान को अशोक सुंदरी का स्थान माना जाता है। बता दें कि अशोक सुंदरी की पूजा करने के लिए शुद्ध जल में गंगाजल मिलाकर शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए।



वहीं शिवपुराण के मुताबिक शिवलिंग में जलाधारी के आगे की ओर पद चिन्हों में कार्तिकेय और भगवान गणेश का वास माना जाता हैं। बताया जाता है कि शिवलिंग पर जल चढ़ाने के बाद पद चिन्ह के स्थान पर दोनों तरफ से 5-7 बार अपने हाथों से इस तरह दबाना चाहिए, जैसे कि आप किसी के पैर दबा रहे हैं। इस दौरान जातक को श्री शिवाय नमस्तुभ्यं मंत्र का जाप करते रहना चाहिए। मान्यता के अनुसार, ऐसा करने से व्यक्ति को जल्द ही संतान सुख प्राप्त होता है। वहीं अगर बच्चे को किसी तरह की बीमारी या समस्या है, तो उससे भी राहत मिलती है।

### कुछ पुराने तो कुछ नए विधायक है इस दौड़ में शामिल

# साय कैबिनेट के मंत्रिमंडल में दो नए चेहरे को मिल सकती है जगह

**रायपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए छत्तीसगढ़ में मतदान खत्म होने के बाद अब प्रदेश में साय कैबिनट का विस्तार की चर्चा तेज हो गई है। खबर है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद साय कैबिनट का विस्तार हो सकता है।**

इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि निगम मंडलों में भी नियुक्तियों का दौर शुरू हो सकता है। इन सब चर्चाओं के बीच कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का बड़ा बयान सामने आया है।

कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद निगम-मंडल की नियुक्ति होगी। पूर्व सांसद, विधायकों और पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि इस संबंध में पार्टी और संगठन के वरिष्ठ नेता मिलकर निर्णय लेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री नेताम ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम और कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के पांच सीट जीतने के दावे को लेकर कहा कि कांग्रेस के सारे मुगालते दूर हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी के चेहरे और गारंटी में विश्वास जताया है। 11 की 11 सीट हम जीतेंगे। साय सरकार के काम की पूरे देश में चर्चा है।



दूसरी ओर लोकसभा चुनाव 2024 में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की जीत तय मानी जा रही है और कयास लगाए जा रहे हैं कि वे मंत्री पद से इस्तीफा देंगे। अगर बृजमोहन अग्रवाल मंत्री पद से इस्तीफा देते हैं तो साय कैबिनेट में दो नए मंत्रियों के लिए जगह बन जाएगी, क्योंकि पहले साय कैबिनेट में एक पद खाली है। ऐसे में साय कैबिनेट में आचार संहिता के बाद दो नए चेहरों को जगह मिल सकती है।

#### इन नेताओं को मिल सकता है मौका

*मीडिया जगत और लोगों के बीच लग रहे कयास की बात करें तो ये माना जा रहा है कि दुर्ग संभाग को एक और विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इनमें दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर का नाम शामिल बताया जा रहा है। कहा ये भी जा रहा है कि पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर और राजेश मूणत की दावेदारी भी काफी मजबूत है। ये तीनों पहले ही मंत्रिमंडल का हिस्सा रह चुके हैं।*

# ख्याली पुलाव पका रहे हैं राहुल गांधी - विष्णु देव साय

### इस चुनाव में कांग्रेस की होगी दुर्गति



**रायपुर/खूंटी (झारखंड)।** राहुल गांधी के यह कहने पर कि ये चुनाव मोदी जी के हाथ से निकल चुका है, पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिक्रिया दी है। श्री साय ने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी ख़याली पुलाव पकाते रहेंगे, उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, मुद्दाविहीन हो गए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस की और दुर्गति होने वाली है।

श्री साय ने कहा कि राहुल गांधी देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं, कभी बोलते हैं कि संविधान खतरे में है तो कभी बोलते है आरक्षण समाप्त हो जाएगा। जबकि मोदी जी कह चुके हैं कि न संविधान खतरे में है, न किसी का आरक्षण समाप्त होगा। ये लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं, जनता इन पर विश्वास करने वाली नहीं है।

सीएम साय ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश, तेलंगाना एवं उड़ीसा में प्रचार करने के बाद आज झारखंड आया हूं, जनता से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, सभी जगह वातावरण भाजपा के पक्ष में हैं और 400 पार का हमारा लक्ष्य साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा होता था कि कांग्रेस वर्सेस ऑल होते थे लेकिन आज देश की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी ने जीता है इसलिए आज बीजेपी वर्सेस ऑल है। हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने वाले सवाल का जवाब देते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी। यह झारखंड के लिए शर्म की बात है कि एक मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार कर रहा है। कोई अच्छे कार्य के लिए वह जेल नहीं गए हैं, भ्रष्टाचार के मामले पर जेल गए हैं।

# हरे सोने का दे रहे अच्छा दाम, आदिवासी भाई-बहनों के जीवन में आएगी खुशहाली - विष्णु देव साय

### मोदी की गारंटी का हर वादा हो रहा पूरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो चुका है। राज्य के 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियन, 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण और भंडारण कार्य जोरों पर है। इस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है और इसे तेंदूपत्ता संग्राहकों की जिंदगी में साकारात्मक परिवर्तन लाने वाला बताया है।



श्री साय ने कहा कि राज्य में हरा सोना तेंदूपत्ता की खरीदी हमनें शुरू कर दी है। जिसके संग्रहण का कार्य जून प्रथम सप्ताह तक जारी रहेगा। मोदी की गारंटी में किए गए वादे के अनुसार हमारी सरकार 5500 रूपया प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीद रही है। इससे राज्य के साढ़े बारह लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार, जिसमें अधिकांश आदिवासी परिवार हैं, उनकी जिंदगी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि 5500 रूपया प्रति मानक बोरा के साथ लाभांश राशि भी संग्राहक परिवार को देने की गारंटी हमारी सरकार ने दी है। इसके साथ ही संग्राहक परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति भी हमारी सरकार देगी।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अन्तर्गत तेंदूपत्ता का संग्रहण माह अप्रैल 2024 के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ किया गया है। संग्रहण हेतु 16.72 लाख मानक बोरे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दिनांक 13 मई 2024 तक उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 7.82 लाख मानक बोरे का संग्रहण किया जा चुका है जो निर्धारित लक्ष्य का 45.19 प्रतिशत है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे हुए 12.50 लाख संग्राहक परिवार को रू. 5500 प्रति मानक बोरा की दर से इस संग्रहण के लिए 900 करोड़ रूपये का भुगतान प्राप्त होना संभावित है। अब तक कुल 275.77 लाख रूपये का भुगतान ऑनलाईन किया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि भुगतान में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से साय सरकार द्वारा ऑनलाइन भुगतान हेतु एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से किया गया भुगतान सीधे संग्राहकों के खाते में पहुंचेगा।



छत्तीसगढ़ की धान खरीदी और महतारी वंदन योजना की ओडिशा में मची धूम

# ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही किसानों से खरीदेंगे 3100 रूपये में धान - विष्णु देव साय

## देश को चाहिए मोदी जैसा मजबूत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा में ली 3 जनसभाएं

रायपुर/सुंदरगढ़/ आज ओडिशा में जनसभा लेने पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वहां के भाजपा के संकल्प पत्र पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की तर्ज पर यहाँ भी किसानों को उनके धान की 3100 रूपये की कीमत दी जाएगी।





उन्होंने कहा कि आज धान खरीदी के मामले में छत्तीसगढ़ उदाहरण बन कर सामने आया है। ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ की तरह यहाँ भी माताओं को महतारी वंदन के जैसे सुभद्रा योजना से आर्थिक मदद की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हम धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ से आते हैं। जहाँ अन्नदाता भगवान होता है और धान की बाली महतारी के माथे पर सोने जैसे दमकती है। इसलिए किसान ही छत्तीसगढ़ के सब कुछ हैं, जिसके लिए हमारी भाजपा सरकार समर्पित है। वहां हमारी सरकार वादे के मुताबिक किसानों से इकतीस सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीद रही है, साथ में अंतर की राशि भी एकमुश्त दे रहे हैं। प्रदेश के चौबीस लाख बहत्तर हजार किसानों को इसका लाभ मिला है। ओडिशा में भी भाजपा के घोषणा पत्र में यह वादा शामिल है। जैसे ही 4 जून को यहाँ भाजपा की सरकार बनेगी तो यहाँ भी इकतीस सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी होगी।

श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत हमारी सरकार सत्तर लाख से ज्यादा माता-बहनों को हर महीने के पहले सप्ताह में ही एक-एक हजार की राशि दे रही है। उसी तर्ज पर ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही सुभद्रा योजना के तहत माता-बहनों को 50 हजार का एकमुश्त वाउचर मिलेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की गारंटी मतलब गारंटी के पूरा होने की गारंटी। इसलिए ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाएं, क्योंकि भाजपा जो कहती है उसे करती है। हमारे छत्तीसगढ़ में यही हो रहा है।

सीएम साय ने सुंदरगढ़ के बालीसंकरा, बरगढ़ के बिजेपुर और बलांगीर के बीरमहाराजपुर में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। मोदी जी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें अच्छे से पता है। नरेंद्र मोदी जी देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी चिंता करते हैं। प्रतिदिन 18 घंटे काम करते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। उन्होंने गरीबों को गैस सिलेंडर देने, पक्के घर देने, स्वच्छ पानी, मुफ्त उपचार की सुविधा, बैंक खाता खुलवाने से लेकर शौचालय बनवाने का काम किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाने, जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के साथ देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का काम पिछले दस साल में मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है। इसलिए देश को फिर से मोदी जी जैसे मजबूत प्रधानमंत्री की जरूरत है।

### धान की बाली की पूजा और 3100 का संकल्प

मंच पर विष्णु देव साय ने धान की बालियों की पूजा की और उद्बोधन के दौरान हाथ में बालियों को लेकर घोषणा करते हुए कहा कि ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ के तर्ज पर यहाँ भी किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी होगी। यहीं उन्होंने महतारी वंदन योजना के तर्ज पर सुभद्रा योजना लागू करने की भी घोषणा की।

### आदिवासियों की चिंता केवल भाजपा ही कर सकती है

विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आपके ओडिशा के बेटे जुएल ओरांव इस मंत्रालय के दो बार मंत्री बने। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही सम्भव है। क्योंकि भाजपा में लोकतंत्र है, सभी वर्गों का सम्मान है।

---

सरोज पांडेय की मौजूदगी में चंडीगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हुए भाजपा में शामिल

# सरोज पांडेय ने छत्तीसगढ़ के बाद चंडीगढ़ में कांग्रेस का किला ढहाया

रायपुर। चंडीगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और चंडीगढ़ के मेयर रह चुके श्री सुभाष चावला BJP राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय की मौजूदगी में कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा में शामिल हुए।



इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री जे पी मल्होत्रा सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।

गौरतलब हैं की भाजपा की तेजतर्रार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा.सरोज पांडेय के समर्थन में छत्तीसगढ़ में कई हजार कांग्रेस व जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने भाजपा में प्रवेश कर लिया, जिनमें कांग्रेस के कई वरिष्ठ कद्दावर नेता भी शामिल रहें। अब छत्तीसगढ़ के बाद चंडीगढ़ में भी डा. सरोज पांडेय ने कांग्रेस का किला ढहा दिया हैं, इसका असर लोकसभा चुनाव में जरूर देखने को मिलेगा।



हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाजपा के समर्थन में किया रोड शो

# बृजमोहन अग्रवाल के रोड शो से भाजपामय हुआ कांटाबांजी

## नाई समाज के सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल, बृजमोहन अग्रवाल ने किया स्वागत

विशेष प्रतिनिधि





**कांटाबांजी।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को कांटाबांजी में रोड शो कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। आज के रोड शो की शुरुआत बंगोमुंडा से हुई जहां पर बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली। यह रैली बंगोमुंडा, पातलपड़ा, मुरीबहल होती हुई कांटाबांजी पहुंची। यहां हजारों महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी इस रोड शो में शामिल हुई और शहर की गलियों में घूमकर जनता से भाजपा के लिए आशीर्वाद मांगा। आज के इस रोड शो के दौरान जगह जगह लोगों ने बृजमोहन अग्रवाल का भव्य स्वागत किया और आने वाले चुनाव में लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए भाजपा को वोट देने की मांग की। इस रोड शो का समापन शहर के रोड नंबर 2 पर स्थित भाजपा कार्यालय पर हुआ। जहां नाई समाज के सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए , बृजमोहन अग्रवाल ने अंगवस्त्र पहनाकर लोगों का भाजपा में स्वागत किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, ओडिशा से डर का माहौल हटाने और यहां के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भाजपा को जीताना जरूरी है। पटनायक और पांडियन की जोड़ी ने ओडिशा पर कब्जा कर लिया है। इन दोनों के चलते ही पश्चिम ओडिशा की स्थिति खराब हो गई है। अगर स्थिति को बदलना है तो कांटाबाजी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संगीता सिंहदेव और विधानसभा उम्मीदवार लक्ष्मण बाग को जितना है।

# शहर की किराना दुकानों में मूल्य सूची नहीं होने से उपभोक्ता लूटे जा रहे हैं

## दवाई दुकानों में भी जीएसटी टैक्स लेने के बाद भी बिल नहीं दिये जा रहे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे दैनिक आम उपभोक्ता वस्तुओं के क्रेता इन दिनो विभिन्न किराना दुकानदारों के रवैये से परेशान है क्योकि अधिकांश किराना दुकानो मे पहले की तरह विभिन्न प्रकार के उपभोक्ता वस्तुओं के नाम के साथ उनके बाजार मूल्य जो कि प्रति किलो के दर पर उल्लेख करते हुये बोर्ड लगाया जाता था वह पूरी तरह विलुप्त हो चुका है वहीं दुकानदारों द्वारा ग्राहको को अधिकृत रूप से कोई बिल नहीं दिया जा रहा है शहर के अधिकांश दुकानदार आम नागरिकों व उपभोक्ताओं को उपभोक्ता सामाग्री देने के बाद सीधा कैल्कूलेटर लेकर हिसाब किताब जोड़कर पैसा मांगने लगते है जिससे यह पता नहीं चलता कि कौन से सामान का क्या भाव है और दुकानदार ने कितना हिसाब किताब लगाया इस प्रकार की प्रवृत्ती एक लंबे समय से शहर के सैकड़ो किराना दुकानो मे जारी है जिसके कारण उपभोक्ता ठगे व लूटे जा रहे है इसके अलावा उपभोक्ताओं को यह पता नहीं चलता कि किस सामान का क्या भाव चल रहा है जबकि पहले प्रत्येक दुकानो मे मूल्य सूची का बोर्ड लगाया जाता था जिसमे प्रति किलो का भाव व वस्तुओं का विवरण होता था जिससे उपभोक्ताओं को यह पता चल जाता था कि बाजार मे विभिन्न वस्तुओं का बाजार भाव आज क्या है लेकिन प्रशासनिक कमजोरी की वजह से उपभोक्ता पूरी तरह किराना बाजार मे लूटे जा रहे है। शहर के अधिकांश छोटे बडे चिल्हर थोक किराना दुकानो मे मूल्य सूची वाले बोर्ड का अता पता नहीं है वहीं ग्राहको को बिल देने के बजाय दुकानदार कैल्कूलेटर के माध्यम से संशय व शंका पैदा कर रहे है इस चक्कर मे सामान लेने वाले उपभोक्ता संतुष्ट नहीं हो पा रहे है इसी प्रकार के माहौल विभिन्न दवाई दुकानो मे भी बना हुआ है जहां पर्ची लेकर जाने वाले दवा क्रेताओं को बिना बिल के भुगतान करने विवश होना पड़ रहा है जबकि दवा विक्रेता सेंट्रल जीएसटी व स्टेट जीएसटी जोड़कर उपभोक्ताओं से दवा का पैसा वसूल रहे हे कायदे से सभी दवाओं की बिल उपभोक्ताओ को दवा विक्रेता द्वारा दिया जाना चाहिये लेकिन यह ढर्रा भी एक लंबे समय से शहर मे चल रहा है जिसमे दवा क्रेता के जेब लूटे जा रहे है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन की नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर नहीं लगेगा लॉक

## बनेगा नया बूथ, स्टेशन परिसर में लगेंगे 10 बड़े-बड़े होर्डिंग



**रायपुर।** रायपुर रेलवे स्टेशन में अब नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर लॉक नहीं लगाए जा सकेंगे. हालांकि जुमार्ना यथावत रहेगा. ये फैसला आए दिन हो रहे विवाद के बाद रायपुर कलेक्टर, एसएसपी रायपुर, आरपीएफ कमांडेंट और रेलवे के अधिकारियों की रायपुर रेलवे स्टेशन में हुई मीटिंग के बाद लिया गया. वहीं रायपुर रेलवे स्टेशन में एक नया बूथ बनाने का फैसला किया गया है, जहां से नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों और अन्य की निगरानी के लिए कमर्शियल स्टॉफ, आरपीएफ और जीआरपी के स्टॉफ के बैठने की बात कही जा रही है. इसके अलावा बैठक में रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नो-पार्किंग के नियम और शुल्क वसूले जाने की पूरी राशि और जानकारी उस फ्लैक्स में होगी और 10 बड़े फ्लैक्स होर्डिंग में लगाए जाने का निर्णय लिया गया है. वहीं पार्किंग ठेकेदार को लॉक जीआरपी थाने में तत्काल जमा करने के निर्देश दिए गए है.

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in